50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 9.2 °c | अधिकतम 16.1 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:09, सूर्यास्त : 5:24 | वर्ष : 50/ अंक : 350 | बुधवार, 21 दिसम्बर 2022 | पौष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, | सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु.



यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

कोहरा घना हुआ तो खड़ी हो जायेंगी उत्तर प्रदेश रोडवेज बस : परिवहन निगम

उ०प्र० परिवहन निगम — आपका अपना साथी

पृष्ठ-4 — और अलाव, जलपान और खानपान की व्यवस्था?.......


**आज की अमृतवाणी**

जीवन का संघर्ष हमारे सबसे महान आशीर्वादों में से एक है। यह हमें धीरज, संवेदनशील और ईश्वरीय बनाता है। यह हमें सिखाता है।

# कोहरे के कहर के बीच जालिम बनी शीतलहर

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर (बु.)।** कोहरे के साथ आसमान पर बादलों के घूंघट के बीच सूर्यदेव क्या छिपे आज शहर समेत पूरे जिले और दूर तक धुंध के साथ चीरती बर्फीली ठंड ने लोगों को बेहाल कर दिया। सड़कों पर यातायात सुन्न रहा। जिंदगी कांपती रही। सुबह घने कोहरे में बच्चे कांपते हुए स्कूल गए। अभी तक दिन की धूप से मिलने वाली राहत छिनते ही लोग दिन के समय में भी कुड़कुड़ाते हुए या तो गर्म कपड़ों में ढंके रहे या फिर अलाव के पास चाय सुड़कते हुए ठंड का मुकाबला करने को खुद को तैयार करते नजर आए। सूर्यदेव नहीं दिखे तो दिन को भी ठंड लगी और अधिकतम तापमान 7.1 डिग्री लुढ़क गया। हालांकि न्यूनतम तापमान में 1.4 डिग्री का इजाफा हुआ।

दिसंबर के आधा रास्ता पार करने के बाद बढ़ी ठंड में आज कोहरे और बादलों ने शीत लहर जैसा माहौल पैदा कर दिया। सुबह लोग उठे तो आसमान से लेकर धरती तक कोहरे की मोटी परत नजर आई। इससे दृश्यता काफी कम हो गई और इसका असर सामान्य जनजीवन पर नजर आया। आज की सुबह कंपकंपी छुड़ाते हुए आई। लोग काम पर बाहर निकले तो हाथ पांव सुन्न हो गए। ऐसे में ठिठुरते हुए नौनिहाल स्कूलों को पहुंचे और कांपते हुए कलम पकड़ी। सुबह के समय काम पर निकलने वालों को भी आज कड़ाके की ठंड ने बुरी तरह प्रभावित किया। लोग रोज की तरह कोहरा छंटने और धूप निकलने का इंतजार करते रहे, लेकिन उनकी उम्मीद पूरी नहीं हुई। आर्द्रता के सौ प्रतिशत पर पहुंचने और हवाओं के खामोश हो जाने के कारण कोहरे का प्रभाव बढ़ा है। शहर से लेकर गांवों तक तमाम सड़कें कोहरे में ढकी रहीं। आज स्थिति यह थी कि कुछ स्थानों पर तो चंद मीटर का भी नजर नहीं आ रहा था। ऐसे में सुबह के समय सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। आसमान पर कोहरे के साथ बादलों की मौजूदगी के कारण आज सूर्यदेव के दर्शन को भी लोग तरसते रहे। तीसरे पहर हल्की सी चमक दिखी भी, लेकिन धूप पूरा दिन गायब रही। इसके चलते आज दिन में ठंड का अहसास बढ़ गया और लोग जैसे-तैसे ठंड भगाने की उपाय करते नजर आए। कई जगह हीटर दिन में ही गर्माहट उगलते दिखाई दिए तो कई स्थानों पर कूडा एकत्र कर अलाव जलाकर लोगों ने गर्मी पाने का जतन किया। दिन में धूप गायब रहने का ही असर रहा कि आज अधिकतम तापमान सात डिग्री से भी अधिक लुढ़ककर 16.1 पर आ गया। हालांकि रात में पारा थोड़ा बढ़ा और 9.2 पर आ गया। पिछ्ले सप्ताह तक चार डिग्री तक आ गए पारे में आए इस बदलाव के बावजूद ठंड का कारण आर्द्रता का बढ़ना है। आर्द्रता सौ प्रतिशत होने के बाद मौसम भीग गया है और इसके कारण हवा गुम होने के बाद भी मौसम कांप रहा है। मौसम विभाग की मानें तो कोहरे का यह कहर अगले चार दिन तो कम होने वाला नहीं है। ऐसे में सड़कों पर संभलकर चलने की हिदायत दी गई है। वातावरण में नमी उपलब्ध है और गंगा के मैदान पर निचले क्षोभमंडल स्तरों पर हवाएं हल्की हैं। आकाश साफ होने तथा रात भर ठण्डा होने के कारण पृथ्वी की सतह तेजी से नीचे की ओर तथा पृथ्वी की सतह के पास की वायु भी ठण्डी एवं भारी हो जाती है। हवा में उपलब्ध नमी घनीभूत होती है और कोहरे पर काबू पाती है। आने वाले दिनों में तापमान कम रहेगा और हवाएं भी कम से कम अगले 2 दिनों तक हल्की रहेंगी। इसलिए हमें खराब दृश्यता, घने कोहरे और बेहद खराब वायु गुणवत्ता से कोई खास राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। जैसे-जैसे दिन चढ़ेगा कोहरा छंटना शुरू होगा और कम होता जाएगा, लेकिन सूर्यदेव का निकलना स्थानीय परिस्थितियों पर निर्भर करेगा।

- कांपी जिंदगी तो स्कूलों में ठिठुरते पहुंचे नौनिहाल
- दिन भर गायब रहे सूर्यदेव, पारा 7 डिग्री तक गिरा




### अंकल जी कब होगी ठंड की छुट्टी?

**मुजफ्फरनगर।** ठंड में मौसम के कांपते ही सबसे ज्यादा प्रभावित स्कूली बच्चे हो रहे हैं। निजी स्कूलों में सुबह सात बजे और आठ बजे से पढ़ाई शुरू हो जाती है। सरकारी प्राइमरी स्कूलों की खुलने का समय 9 बजे से तीन बजे का है। ऐसे में बच्चों के साथ अभिभावकों को भी सुबह सवेरे उठ कर स्कूल के लिए तैयारियां करनी होती हैं। बड़ी संख्या में अभिभावक सुबह बच्चों को ठिठुरते हुए स्कूल छोड़ने जा रहे हैं। ऐसे में दिन भर कड़ाके की ठंड में स्कूलों में बच्चे कांप रहे हैं। उनकी गुहार है कि स्कूलों में अवकाश घोषित किया जाए।

## कोहरे ने रोकी रफ्तार, रात्रिकालीन रोडवेज बस सेवा बंद, ट्रेनें बाधित

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर (बु.)।** कोहरे की मार ने वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। हाईवे पर दौड़ने वाले वाहनों के साथ रोडवेज और ट्रेनों के संचालन पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने तो 15 जनवरी तक अपनी रात्रिकालीन सेवाएं लगभग बंद कर दी हैं। इसके अलावा मंगलवार को आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें कई-कई घंटे देरी से यहां पहुंची। शालीमार एक्सप्रेस के यात्रियों को तो करीब सात घंटे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करना पड़ा। शरद ऋतु में 15 दिसंबर से लेकर करीब 26 जनवरी तक पूरे वेस्ट यूपी को कोहरे की मार -ोलनी पड़ती है। वैसे कोहरा कई दिन से थम थमकर आ रहा है, लेकिन मंगलवार सुबह कोहरे की चादर ने पूरे जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। इसका सीधा असर हाईवे पर दौड़ने वाले वाहनों पर देखने को मिला। कोहरे की अधिकता के कारण पास के वाहन भी नजर नहीं आ रहे थे। वाहन चालकों ने बेहद धीमी गति से अपनी यात्रा को पूरा किया। कोहरे के चलते रोडवेज और ट्रेनों का संचालन भी बाधित रहा। उत्तर प्रदेश रोडवेज परिवहन निगम ने तो कोहरे के चलते अपनी रात्रिकालीन सेवाएं स्थगित करने का फैसला लिया है। परिवहन निगम के अपर प्रबंध निदेशक अन्नपूर्णा गर्ग ने 15 जनवरी तक रात्रि दस बजे के बाद चलने वाली लंबी दूरी की रोडवेज बसों के संचालन को रोकने और इनकी समय सारिणी तथा रूट में परिवर्तन करते हुए दिन के समय चलाने के निर्देश जारी किये हैं। उनका कहना है कि कोहरे के चलते रात्रि में हादसों का खतरा बना रहता है। इसके साथ ही कोहरे के कारण रोडवेज पिछ्ले कई दिनों से कम लोड फैक्टर के कारण राजस्व का घाटा भी उठा रहा था। रात्रिकालीन सेवाओं में लंबी दूरी की बसों के लिए रोडवेज को 15 से भी कम सवारियां ही प्राप्त हो रही थी। मुजफ्फरनगर रोडवेज डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी राजकुमार तोमर ने बताया कि आदेश का अनुपालन कराते हुए वरिष्ठ लिपिक राकेश कुमार और अमरीश त्यागी को शाम चार बजे से लेकर सुबह आठ बजे तक स्टेशन प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह कोहरे के हिसाब से रात्रि में बसों का ठहराव स्टेशन पर कराने की व्यवस्था करेंगे। कोहरे की अधिकता के चलते रेल यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मंगलवार को करीब आधा दर्जन ट्रेनें अपने निर्धारित समय से कई-कई घंटा देरी से स्टेशन पर पहुंची। सबसे ज्यादा विलंब शालीमार एक्सप्रेस का रहा। जो करीब सात घंटा देरी से यहां पहुंची। इसके अलावा इंटरसिटी ढाई घंटे, कलिंगा एक्सप्रेस तीन घंटे, जालंधर जाने वाली सुपरफास्ट तीन घंटे और दिल्ली-सहारनपुर पैसेंजर करीब एक घंटा देरी से आई। इस कारण रेल यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अगले कुछ दिनों में कोहरा और बढ़ने के कारण रेल यातायात और प्रभावित होने की संभावना बनी है।

## पहली ही ठंड में शहर से गांव तक बिजली ठप्प

### जबरदस्त कोहरे के चलते लाइनों में आया फाल्ट, देरी से शुरू हो पाई लोगों की दिनचर्या

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर (बु.)।** मंगलवार को घने कोहरे और शीतलहर के बीच लोगों को रात से लेकर दिन तक बिजली आपूर्ति के लिए तरसना पड़ा। कोहरा गहराने के कारण रात्रि में करीब ढाई से तीन बजे के बीच शहर के करीब आधे इलाके में अंधेरा छा गया। बिजली विभाग ने इसका कारण कोहरा ही बताया है। कोहरे के कारण कई बिजली घरों में ब्रेक डाउन की खबर रही, तो वहीं विद्युत लाइनों में फाल्ट आ जाने के कारण अधिकांश क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति ठप रहने से दिनचर्या बुरी तरह से प्रभावित रही। कई दिनों से पड़ रहे कोहरे ने मंगलवार को अपना रौद्र रूप दिखाया तो सूरज को भी बादलों की ओट लेकर छिपना पड़ा। सीजन की पहली ही सर्दी ने सभी व्यवस्थाओं को बुरी तरह से प्रभावित किया, इनमें विद्युत आपूर्ति भी कोहरे के जोर के कारण दम तोड़ती नजर आई। मंगलवार सवेरे करीब तीन बजे से ही शहरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। कई इलाकों में सुबह तक भी अंधेरा ही रहा, इनमें गांधी कालौनी, पचैण्डा रोड, लाल बाग, अंकित विहार, नई मण्डी, रामपुरी, केवलपुरी, कच्ची सड़क, लद्दावाला, खालापार, मल्हुपुरा, ब्रहमपुरी, कृष्णापुरी, अम्बा विहार, करीमनगर सहित लगभग आधे से ज्यादा शहर में बिजली गायब रहने के कारण लोगों की दिनचर्या देरी से शुरू हो सकी। लोगों ने सम्पर्क किया तो बिजलीघरों का फोन ही नहीं उठा, कहीं उठाया गया तो भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इस संबंध में एक्सईएन टाउनहाल दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि कोहरे के कारण ही विद्युत लाइनों में फाल्ट की समस्या उत्पन्न हो रही हैं। जो लाइनें पेड़ों से होकर गुजर रही हैं, वहां पर कोहरे के कारण पेड़ों पर जमा पानी लाइनों पर गिरने के कारण ही फाल्ट हो रहा है। उन्होंने लोगों से संयम बरतने की अपील करते हुए कहा कि दिन रात लाइनों को दुरुस्त रखने के प्रयास किये जा रहे हैं। उनका कहना है कि आज बिजली से आपूति सुचारू रही है, लेकिन लाइनों में फाल्ट के कारण समस्या उत्पन्न रही और कुछ इलाकों में आपूर्ति को बंद करना पड़ा। शहर के साथ ही ग्रामीण अंचलों में भी विद्युत आपूर्ति की स्थिति बेहद खराब रही।

## और विदा हुए नुमाइश मैदान में बंधक दुकानदार

- 19 दिन बाद खुले मैदान के गेट तो ली राहत की सांस
- ठेकेदार ने जीएसटी के 23.74 लाख जमा कराए

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर (बु.)।** करीब 19 दिन बाद आखिर कड़ाके की ठंड में नुमाइश मैदान में एक तरह से बंधक के रूप में रह रहे दुकानदारों और झूला व अन्य खेल वालों को मुक्ति मिल गई। ठेकेदार द्वारा बकाया जीएसटी की रकम जमा कराए जाने के बाद आखिर मैदान के ताले खुले और दुकानदार अपना सामान लेकर वहां से रवाना हुए।

नुमाइश मैदान में दीवाली मेले के नाम पर जोड़ा गया तामझाम मेला आयोजकों ही नहीं दुकानदारों को जिंदगी भर याद रहेगा। पंद्रह दिन के उक्त मेले को तीन नवंबर को समाप्त घोषित कर दिया गया था। इसके बाद ठेकेदार मेले की अवधि बढ़वाने के लिए प्रशासन से गुहार लगाते रहे, लेकिन प्रशासन इस पर राजी नहीं हुआ। ऐसे में कुछ दुकानदार तो मेला अवधि के दौरान ही अपना सामान लेकर चले गए थे, लेकिन बड़ी संख्या में दुकानदार, झूले और खेल तमाशे वाले इस उम्मीद में वहां जमे थे कि मेले की अवधि बढ़ जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस बीच प्रशासन ने नुमाइश मैदान के दोनों गेट ताला लगवाकर बंद करा दिए और आदेश दिया कि जब तक ठेकेदार सलमान व सागर प्रजापति बकाया रकम जमा नहीं करते तब तक उन्हें वहां से सामान नहीं उठाने दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार इस मेले का ठेका एक करोड़ 31 लाख रुपये में हुआ था। उक्त धनराशि ठेकेदारों ने सरकारी खजाने में जमा करा दी थी, लेकिन इस राशि पर बैठ रहा करीब 23 लाख 74 हजार जीएसटी उन्होंने जमा नहीं कराया था। इसके बाद प्रशासन ने ठेकेदार को जीएसटी का बकाया भुगतान जमा कराने को कहा था। इसके बाद ठेकदार प्रशासन के साथ दुकानदारों को भी झांसा देते रहे, लेकिन प्रशासन के धोबीपाट में वह फंस गए।

इस दौरान ठेकेदार ने दुकानदारों के फोन तक उठाने बंद कर दिए तो कई बार इन दुकानदारों ने प्रशासन से भी मुक्ति की गुहार लगाई, लेकिन प्रशासन ने उनकी एक नहीं सुनी और उस पर पैसा जमा कराने के लिए दबाव बनाए रखा। इस जंग में दुकानदार पिसते रहे और स्थिति यह हुई कि तीन नवंबर के बाद से वह लगातार नुमाइश मैदान की चार दीवारी में कैद उस घड़ी को कोस रहे थे, जिसमें उन्होंने यहां दुकान लगाने का फैसला किया था। कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे रह रहे इन दुकानदारों की हालत पतली हो गई थी। ऐसे में ठेकेदार द्वारा जीएसटी का बकाया का पैसा जमा कराए जाने के बाद नुमाइश मैदान के ताले खुले और वहां अंदर पड़ा सामान ले जाने की इजाजत दी गई। इसके बाद उक्त दुकानदार अपना सामान लेकर वहां से रवाना हो गए। हालांकि उनका कहना था कि इस मेले में ठेकेदार को कम समय मिलने के कारण नुकसान उठाना पड़ा है।



## विश्वनाथ पाल को बसपा के प्रदेशाध्यक्ष का जिम्मा

**लखनऊ 20 दिसंबर (वार्ता)।** निकाय चुनाव की आहट के साथ बसपा सुप्रीमो मायावती ने संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए अयोध्या मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी रहे विश्वनाथ पाल को पार्टी का नया उप्र प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। भीम राजभर को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाकर बिहार प्रदेश का कोआर्डिनेटर बनाया गया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बाबत ट्वीट कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान राजनीतिक हालात को देखते हुए विश्वनाथ पाल को यह जिम्मेदारी दी गई है। अयोध्या के मूल निवासी विश्वनाथ बसपा के पुराने कार्यकर्ता हैं। मायावती ने कहा है कि वह विशेषकर अति पिछ्ड़ी जातियों को बसपा से जोड़कर पार्टी के जनाधार को बढ़ाने में जी जान से काम करेंगे। उन्होंने कहा, हालांकि भीम राजभर ने भी पूरी ईमानदारी और वफादारी से काम किया जिस पर उन्हें अब बिहार का कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। विश्वनाथ इससे पहले भाईचारा कमेटी में भी रहे हैं।

## निकाय दावेदारों का इंतजार एक दिन बढ़ा

- ओबीसी आरक्षण पर सरकार का जवाब दाखिल
- बुधवार तक के लिए टली मामले की सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर (बु.)।** चेयरमैनी और सभासदी चुनाव की तैयारी में जुटे नेताओं का इंतजार एक दिन और बढ़ गया है। ओबीसी आरक्षण के मामले में हाईकोर्ट के आदेश की इंतजार में इन नेताओं का दिल दिन भर धक-धक करता रहा। अपराह्न के समय आए कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें इस बात से राहत मिली कि कोर्ट ने सुनवाई केवल एक दिन पीछे टाला है। उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने मामले की अगली सुनवाई बुधवार को नियत की है। इसके साथ ही चुनाव की अधिसूचना जारी करने पर लगी रोक भी बुधवार तक के लिए बढ़ा दी है। राज्य सरकार की ओर से मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया। इस पर याचियों के वकीलों ने प्रति उत्तर भी दाखिल कर दिए। मंगलवार को मामले की सुनवाई हुई जो बुधवार को भी जारी रहेगी। राज्य सरकार का कहना था कि मांगे गए सारे जवाब, प्रति शपथपत्र में दाखिल कर दिए गए हैं। इसपर याचियों के वकीलों ने आपत्ति करते हुए सरकार से विस्तृत जवाब मांगे जाने की गुजारिश की जिसे कोर्ट ने नहीं माना। उधर, राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता विनोद कुमार शाही ने इस मामले को सुनवाई के बाद जल्द निस्तारित किए जाने का आग्रह किया। कोर्ट में मामले की अंतिम सुनवाई जारी है। न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ ने यह आदेश रायबरेली निवासी सामाजिक कार्यकर्ता वैभव पांडेय व अन्य की जनहित याचिकाओं पर दिया। राज्य सरकार ने अदालत में दाखिल अपने हलफनामे में कहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव के मामले में 2017 में हुए अन्य पिछ्ड़ा वर्ग के सर्वे को आरक्षण का आधार माना जाए। सरकार ने कहा है कि इसी सर्वे को ट्रिपल टेस्ट माना जाए। नगर विकास विभाग के सचिव रंजन कुमार ने हलफनामे में कहा है कि ट्रांसजेंडर्स को चुनाव में आरक्षण नहीं दिया जा सकता। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा था कि किन प्रावधानों के तहत निकायों में प्रशासकों की नियुक्ति की गई है? इस पर सरकार ने कहा है कि 5 दिसंबर 2011 के हाईकोर्ट के फैसले के तहत इसका प्रावधान है। कोर्ट ने पहले स्थानीय निकाय चुनाव की अंतिम अधिसूचना जारी करने पर 20 दिसंबर तक रोक लगा दी थी। साथ ही राज्य सरकार को आदेश दिया था कि 20 दिसंबर तक बीते 5 दिसंबर को जारी अनंतिम आरक्षण की अधिसूचना के तहत आदेश जारी न करे। कोर्ट ने ओबीसी को उचित आरक्षण का लाभ दिए जाने व सीटों के रोटेशन के मुद्दों को लेकर दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया था। अब बुधवार को इस मामले में सुनवाई के बाद कोई फैसला आने की उम्मीद है।

## ...तो पारस जैन को करना पड़ेगा सरेंडर

- खतौली के पूर्व चेयरमैन को राजा वाल्मीकि हत्याकांड में एससी-एसटी कोर्ट ने किया था तलब

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर (बु.)।** खतौली के राजा वाल्मीकि हत्याकांड में पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता पारस जैन की मुसबीत बढ़ गई है। इस हत्याकांड में एससी एसटी स्पेशल कोर्ट द्वारा पारस जैन की तलबी के आदेशों के खिलाफ जैन की याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। ऐसे में जैन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है।

करीब साढ़े पांच साल पहले खतौली में राजकुमार उर्फ राजा वाल्मीकि की हत्या के मामले में तत्कालीन चेयरमैन पारस जैन को अदालत ने आठ मार्च को तलब किया था। वादी के प्रार्थना पत्र पर विशेष एससी/एसटी कोर्ट ने यह आदेश दिए। इस आदेश के खिलाफ पारस जैन ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। इसमें पहले तो उन्हें स्टे मिला था, लेकिन मामले पर सुनवाई के बाद आज हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश पर रोक के लिए पारस जैन की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया। यह जानकारी इस मामले में वादी पक्ष के अधिवक्ता निकेत चाहल ने दी। उनका कहना है कि एडीजे दो की स्पेशल एससी एसटी कोर्ट ने पारस जैन को उक्त हत्याकांड में तलब करने के आदेश को उच्च न्यायालय ने बकरार रखा है। ऐसे में प्रतिवादी के पास दो ही रास्ते हैं कि या तो वह कोर्ट में सरेंडर करे या फिर हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे। ऐसे में निकाय चुनाव की तैयारी में जुटे पारस जैन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार पांच अप्रैल 2017 को खतौली में राजकुमार उर्फ राजा वाल्मीकि की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई राणा प्रताप ने राजू वाल्मीकि पुत्र ओमप्रकाश समेत तीन लोगों पर गोली मारने और खतौली के तत्कालीन चेयरमैन पारस जैन व जेल में बंद गोरा उर्फ गौरव पर हत्याकांड की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। हालांकि बाद में पुलिस ने जांच में पारस जैन की संलिप्तता से इंकार करते हुए उसका नाम निकाल दिया था। पुलिस ने घटना के दिन भीड़ द्वारा मारपीट करने पर चेयरमैन को हिरासत में ले लिया था, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया था। राजा वाल्मीकि पक्ष ने पुलिस की जांच को चुनौती देते हुए अपने अधिवक्ता के माध्यम से विशेष एससी-एसटी कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस पर पारस जैन से साज करने का आरोप लगाया था। उन्होंने तर्क दिया था कि वादी के पिता नगर पालिका खतौली में कार्यरत रहे हैं और उन्होंने पारस जैन के खिलाफ दर्ज इलेक्शन पिटीशन में गवाही दी थी, इसी वजह से पारस जैन रंजिश रखते थे। तत्कालीन चेयरमैन ने गौरा उर्फ गौरव के साथ साजिश रचकर राजकुमार उर्फ राजा वाल्मीकि की हत्या करा दी थी। विशेष एससी-एसटी कोर्ट के जज ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद वादी मुकदमा के अधिवक्ता की याचना स्वीकार करते हुए नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन पारस जैन को समन जारी कर आठ मार्च को कोर्ट में पेश होने के आदेश जारी किए थे, लेकिन पारस जैन इन आदेशों के खिलाफ हाईकोर्ट से स्टे ले आए थे। अब हाईकोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया है। इससे खतौली के सियासी हल्कों में भी खलबली है। पारस जैन जल्द होने वाले निकाय चुनाव में भाजपा के टिकट के दावेदार हैं और चुनाव की तैयारी में जुटे हैं। हाईकोर्ट के फैसले से भाजपा नेताओं को एक और मौका मिल गया है।


# आरना एम्पायर

प्रेरणा स्त्रोत : स्व. वैद्य श्याम बिहारीलाल अग्रवाल (वैद्य जी)

48-द्वारिकापुरी, शिवालिक बैंक के सामने, एलआईसी वाली गली, भोपा रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

नकद खरीदें – सस्ता खरीदें, सबसे सस्ता, GST बिल पर माल खरीदें

हमारे यहां निम्नलिखित कम्पनियों का माल नकद काउन्टर सेल योजना के अन्तर्गत सस्ते रेट पर बिक्री किया जाता है।

मोबाइल नम्बर 9219675555

| | | | |
|---|---|---|---|
| डाबर च्यवनप्राश 950 gm. M.R.P. : 395/- *छूट के बाद : 316/- बचत रु. 79/- | डाबर च्यवनप्रकाश शुगर फ्री 900 gm. M.R.P. : 440/- *छूट के बाद : 352/- बचत रु. 88/- | डाबर रत्नप्राश 900 gm. M.R.P. : 990/- *छूट के बाद : 700/- बचत रु. 290/- | धुतपापेश्वर स्वामला 1 kg. M.R.P. : 1475/- *छूट के बाद : 910/- बचत रु. 565/- |
| झण्डु च्यवनप्राश 900 gm.. M.R.P. : 360/- *छूट के बाद : 245/- बचत रु. 65/- | झण्डु लालिमा 200 ml. M.R.P. : 110/- *छूट के बाद : 90/- बचत रु. 20/- | फिगारो ऑलिव ऑयल On M.R.P. : 13% बचत रु. 13% | झण्डु केसरी जीवन 900 gm. M.R.P. : 740/- *छूट के बाद : 629/- बचत रु. 111/- |
| झण्डु पंचारिष्ट 450 ml. M.R.P. : 140/- *छूट के बाद : 110/- बचत रु. 30/- | डाबर हनी 1 Kg. M.R.P. : 475/- *छूट के बाद : 350/- बचत रु. 125/- | डाबर हनीटस सीरप 100 ml. M.R.P. : 115/- *छूट के बाद : 75/- बचत रु. 40/- | डाबर आसव अरिष्ट On M.R.P. : 35% बचत रु. 35% |
| डाबर चूर्ण On M.R.P. : 35% बचत रु. 35% | बैद्यनाथ आसव अरिष्ट On M.R.P. : 35% बचत रु. 35% | बैद्यनाथ बटी-गुटिका On M.R.P. : 25% बचत रु. 25% | बैद्यनाथ केसरी कल्प 1 kg. M.R.P. : 720/- *छूट के बाद : 550/- बचत रु. 170/- |
| हमदर्द रोगन बादाम 100 ml. M.R.P. : 425/- *छूट के बाद : 298/- बचत रु. 127/- | हमदर्द जोशीना 100 ml. M.R.P. : 70/- *छूट के बाद : 53/- बचत रु. 17/- | टेलीफोन ब्राण्ड सत इसबगोल भुस्सी 200 gm. M.R.P. : 225/- *छूट के बाद : 191/- बचत रु. 34/- | गोदरेज ईजी 1 Litre M.R.P. : 205/- *छूट के बाद : 190/- बचत रु. 15/- |
| मम्मी पोको पेन्ट्स डायपर M.R.P. : 699/- *छूट के बाद : 550/- बचत रु. 149/- | बैद्यनाथ गाय का घी 1 लीटर M.R.P. : 679/- *छूट के बाद : 605/- बचत रु. 74/- | पंतजलि गाय का घी 1 Litre M.R.P. : 650/- *छूट के बाद : 635/- बचत रु. 15/- | डाबर आंवला जूस M.R.P. : 235/- *छूट के बाद : 165/- बचत रु. 70/- |

*नियम व शर्तें लागू। बिना ऑफर भी स्टॉक उपलब्ध है। *स्कीम प्रथम आओ – प्रथम पाओ के आधार पर उपलब्ध है।

कृपया पधारकर एक बार सेवा का अवसर प्रदान करें, आपके आगमन की प्रतीक्षा में......

नई पहल... दूर-दराज से किसानों के मुख्यालय पर किसान दिवस में न पहुंचने के कारण लागू किया गया सिस्टम

# अब हर तहसील में होगा किसान समाधान दिवस

## सदर, जानसठ और बुढ़ाना तहसीलों में प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को अफसर सुनेंगे समस्या

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर (बु.)।** शासन की व्यवस्था के अनुसार अब जनपद में किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए नई व्यवस्था को लागू किया गया है। इसके चलते जनपद में अब सभी उप सम्भाग (तहसीलों) में किसान समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा।

उप निदेशक कृषि आरपी चौधरी ने बताया कि प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस जनपद स्तर पर मनाया जाता रहा है। जनपद स्तर पर किसान समाधान दिवस में दूर दराज से किसानों के न आने के कारण इस माह से प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान समाधान दिवस उप सम्भाग (सदर जानसठ एवं बुढ़ाना) स्तर पर आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस माह 21 दिसम्बर (कल) बुधवार को प्रत्येक उप सम्भाग पर आयोजित किया जायेगा, जिसमें पूर्व की भांति किसानों की समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ उन्हें कृषि एवं कृषि से जुड़े हर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों द्वारा दी जायेगी। उन्होंने बताया कि एकीकृत रूप से कृषि एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी दी जायेगी। इसके साथ किसान वैज्ञानिक अधिकारी संवाद के बारे में जानकारी, किसानों के लाभ के लिये संचालित योजनाओं में दी जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी, किसानों को अनुदान पर कृषि निवेश एवं अन्य उपकरणों की जानकारी, संचालित योजनाओं के लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया सम्बन्धी जानकारी, किसानों का विभिन्न विभागों द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के लाभों से अवगत कराना।

उन्होंने बताया कि बुधवार को प्रस्तावित किसान दिवस में जनपद में आयोजित की जा रही कृषि प्रदर्शनियों व मेलों के आयोजन की जानकारी के साथ ही जनपद स्तरीय जैव ऊर्जा समिति एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण के उद्देश्यों पर चर्चा, केवल कृषि और खेती से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान किया जायेगा। उन्होंने किसान दिवस (किसान समाधान दिवस) मनाये जाने हेतु उप सभागीय कृषि प्रसार अधिकारी को निर्देश दिए है कि अपनी देख-रेख में किसान समाधान दिवस का आयोजन कराना सुनिश्चित करें, जिससे की कृषि एवं कृषि से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करने के साथ-साथ अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा सके।

## बंदियों को बताए उनके विधिक अधिकार

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने जेल में लगाई संवैधानिक पाठशाला**

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर (बु.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मंगलवार को जिला कारागार में बंदियों को विधिक और संवैधानिक अधिकारों की जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार ने इस अवसर पर जिला कारागार में पाकशाला, अस्पताल, पुरूष बैरक तथा अल्प व्यस्क बैरक का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा उपस्थित बंदियों को संवैधानिक व विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई तथा कहा कि बंदी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो।

अनिल कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने महिला कैदियों से उनकी समस्याएं सुनी गयी तथा कोई भी कानूनी समस्या होने पर अधीक्षक जिला कारागार के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराने अथवा आवेदन पत्र देने के लिए कहा गया। अधीक्षक जिला कारागार सीताराम शर्मा को निर्देशित किया गया कि जिन महिला बन्दियों एवं किशोर अपचारियों के मामले ई-जेल लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित हो सकते हैं, उनकी सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करें जिससे उनके मामलों का शीध्र निस्तारण हो सकें।

# स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में आसिम ने सिल्वर और आमिर ने जीता कांस्य



**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर (बु.)।** चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय अंतरमहाविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में श्रीराम कॉलेज के बीपीईएस पाठयक्रम तृतीय वर्ष के छात्र मौहम्मद आसिम ने 75 किग्रा. भार वर्ग में अपना सर्वोच्च प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर और तृतीय वर्ष के छात्र मौ. आमिर चौधरी ने 60-65 किग्रा. भार वर्ग में बेस्ट फिजीक प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीते।

श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय की अंतरमहाविद्यालय कराटे प्रतियोगिता अमर सिंह कॉलेज, लखोटी में खेली गई तथा बेस्ट फिजीक प्रतियोगिता एमएमएच कॉलेज गाजियाबाद में हुई, जिसमें श्रीराम कॉलेज के विद्यार्थियों ने सर्वोच्च प्रदर्शन कर पदक प्राप्त किये। महाविद्यालय आगमन पर छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया तथा उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने विजयी विद्यार्थियों को पदक जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा. अशोक कुमार ने छात्रों को बधाई दी। महाविद्यालय कोषाध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विजयी छात्रों प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा इसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। प्रमोद कुमार, प्रवक्ता भूपेन्द्र कुमार, डा. अब्दुल अजीज खान, संदीप कुमार, अमरदीप, प्रशान्त व तरूण मौजूद रहे।

## 10 लीटर अवैध शराब, 2 किलो यूरिया बरामद

**कैराना, 20 दिसंबर (बु.)।** अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने अभियान चलाकर 10 लीटर अपमिश्रित शराब एवं 2 हजार ग्राम यूरिया बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। मंगलवार को एसपी के आदेश पर पुलिस ने वांछित व अपराधियों की तलाश में अभियान चलाया। इसी दौरान पुलिस ने गांव बुच्चा खेड़ी में मंदिर के निकट जंगल से साजिद उर्फ बद्दर पुत्र नाजर निवासी ग्राम तितरवाड़ा को दबोच लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार त्यागी ने बताया की पकड़े गए आरोपी के कब्जे से दस लीटर अपमिश्रित शराब व दो हजार ग्राम यूरिया बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

## सांख्यिकी विषय पर अन्तरविषयक क्विज-भाषण प्रतियोगिता संपन्न

### डीएवी कॉलेज में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर (बु.)।** डी.ए.वी. कॉलेज आर्य समाज रोड के सांख्यिकी विभाग द्वारा डी.बी.टी. नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त "स्टार कॉलेज स्कीम के अन्तर्गत "सांख्यिकी" विषय पर "अन्तरविषयक क्विज और भाषण प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य स्नातक छात्रों में सांख्यिकी विषय का प्रसार करने के साथ ही यह जानकारी देना भी रहा कि दैनिक जीवन में इसका उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है।

मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. संजीव कुमार रहे। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सृष्टि चौधरी, रिया शर्मा, लक्ष्मी नायक और तनु रानी रही और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कार्तिक वर्मा, द्वितीय स्थान पर रश्मि वर्मा और तृतीय स्थान पर वंशिका पुंडीर रही। इस कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राणी विज्ञान विभाग की प्रो. संध्या जैन, सतेन्द्र सिन्हा, सचिन कुमार, ध्रुव मिश्रा और हर्ष धनखड़, वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रो. संजीव त्यागी, अनुज त्यागी, रामकृष्ण, रामआसरे, विष्णु और सोनाली, भौतिकी विज्ञान विभाग से प्रो. गरिमा जैन, प्रो. मुकेश कुमार रसायन विज्ञान विभाग से सहदेव कुमार, डा. आसिफ और गणित विभाग से प्रो. नवीन शर्मा, मनोविज्ञान विभाग से डा. शशि आदि उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. राम किशन ने महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष के उपस्थित होने पर उनका आभार प्रकट किया। अन्त में विभागाध्यक्ष ने सभी सहयोगियों मनोज कुमार, कु. पूजा सिंह और उमा शर्मा तथा सभी विधार्थियों के सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

## बीमा कम्पनी के दफ्तर के सामने से बाईक चोरी

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर (बु.)।** नई मंडी थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाश एक बीमा कम्पनी के दफ्तर के सामने से बीमा कंपनी में कार्यरत एक कर्मचारी की बाईक चोरी कर ले गए। पीड़ित कर्मचारी द्वारा चोरी के इस मामले की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव जौहरा निवासी बलबीर सिंह पुत्र कलीराम ने बताया कि वह नई मंडी क्षेत्र में जानसठ रोड पर कम्बल वाला बाग स्थित बीमा कम्पनी के कार्यालय में कार्य करता है। उसने बताया कि वह अपने काम से कम्पनी के दफ्तर में आया था, जहां से अज्ञात बदमाश उसकी बाईक चोरी कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# सिविल बार एसोसिएशन में नई कार्यकारिणी के लिए इस बार होगा सीधा चुनावी मुकाबला

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसम्बर (बु.)।** सिविल बार एसोसिएशन की वर्ष-2023 की कार्यकारिणी के लिए बुधवार को प्रातः 8 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू जाएगी, जिसमें पूर्व में हुई नामांकन प्रक्रिया के दौरान नामांकनों के बाद अब आमने-सामने का मुकाबला होने की उम्मीद जगी है। सिविल बार में मुख्य छह पदों के लिए दो-दो दावेदारों के नामांकन पत्र दाखिल किए जाने से मुकाबला रोचक बन गया है।

सिविल बार एसोसिएशन की शुरू हुई चुनाव प्रक्रिया के बीच मुख्य चुनाव अधिकारी सैय्यद जैगम मियां जैदी की देखरेख में नामांकन पत्र दाखिल किए जाने के बाद आज मतदान होगा। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर अनिल कुमार दीक्षित व सतेन्द्र कुमार में सीधा मुकाबला होने की उम्मीद बन रही है, वहीं अन्य पदों पर भी सीधे मुकाबले के आसार बन रहे हैं। यहां पर उपाध्यक्ष पद पर अखिल कुमार अग्रवाल व संजीव त्यागी, महासचिव पद पर बिजेन्द्र सिंह मलिक व हरिओम गोयल और कोषाध्यक्ष पद के लिए अन्नु कुच्छल व उपेन्द्र कुमार गर्ग, सह सचिव प्रशासन पद के लिए मुकेश कुमार जौहरी व प्रवीर कुमार संगल व सह सचिव पुस्तकालय पद के लिए निपुण जैन व कुमारी शिवानी सचदेवा ने दावेदारी कर रखी है। इसके अलावा सिविल बार एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य पदपर जहां अनिता रानी, अर्जुन सिंह, अरविन्द गुप्ता, जय कुमार पंवार, कुलदीप सिंह, नरेन्द्र कुमार त्यागी, प्रत्युष आनन्द, राजेन्द्र कुमार, सतेन्द्र कुमार, सोहन लाल, सुन्दर पाल व विजय कुमार चुनाव मैदान में डटे हैं, कनिष्ठ सदस्य पद पर इस बार अभिनीत त्यागी, अदिति अग्रवाल, कु. अन्नु रानी, चन्द्र प्रकाश जैन, देव शर्मा, हिमांशु कुमार, मनोज गौड़, मनीष चौधरी, कु. निशा सैनी, कु. रेखा, मौ. शौकीन व ध्रुव कुमार मित्तल अपने पक्ष में अधिवक्ताओं को लाने को प्रयासरत हैं। सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव को एल्डर कमेटी चेयरमैन अवध बिहारी लाल गुप्ता की देखरेख में मुख्य चुनाव अधिकारी सैय्यद जैगम मियां जैदी के साथ मुकेश कुमार त्यागी, विजेन्द्र प्रताप बतौर चुनाव अधिकारी संपन्न कराने को तैयार हैं।

## सामाजिक संस्था ने पांच बंदियों को कराया रिहा

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर (बु.)।** अदालत द्वारा सुनाई गई सजा में लगाए गए अर्थदण्ड की रकम अदा न करने पर जेल से रिहाई नहीं होने पर अतिरिक्त सजा काट रहे पांच बंदियों को आज अर्थदण्ड की रकम अदा हो जाने पर रिहा कर दिया गया है। सामाजिक संस्था के द्वारा उनके जुमार्ने की रकम जेल प्रशासन को अदा की गयी है। सामाजिक संस्था आधार शिला ग्रामोत्थान सेवा संस्था ने जुर्माना न जमा कराने पर जेल में सजा काट रहे पांच बंदियों पर लगाए गए अर्थदण्ड की रकम जमा कराई है। जुमार्ने की रकम जमा होने पर जेल से पांच बंदियों को रिहा कर दिया है। रिहा हुए बंदी अपनी सजा पूरी कर चुके थे, लेकिन अर्थदंड की धनराशि जमा न कराने पर अतिरिक्त सजा जेल में काट रहे थे। जेलर कमलेश सिंह त्रिपाठी ने बताया कि पांच बंदियों के लिए अर्थदण्ड की राशि प्राप्त होने पर उनको जेल से रिहा किया गया है।

## एसडी इंटर कॉलेज में हुई द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा संपन्न




फोटो बुलेटिन परीक्षार्थियों की चैकिंग करते शिक्षक व तैयारी करती छात्राएं।

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसम्बर (बु.)।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश डिप्लोमा-2021 प्रशिक्षण बैच 2021 के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और तीसरी नजर की निगरानी में नगर के रोडवेज बस स्टैंड के निकट स्थित सनातन धर्म इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। नगर मुख्यालय पर तीन पालियों में संपन्न हुई इस यूपी डी ईएल ईडी प्रशिक्षण बैच 2021, 2019 व 2018 द्वितीय सेमेस्टर की प्रशिक्षण परीक्षा में कुल पंजीकृत 721 परीक्षार्थियों में से 37 परीक्षार्थी विभिन्न कारणों के चलते द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा में पहुंचने से वंचित रह गए। इस दौरान परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों को जांच पड़ताल के बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिलाया गया। डॉयट प्राचार्य संजय कुमार रस्तौगी ने बताया कि उत्तर प्रदेश डिप्लोमा-2021 प्रशिक्षण बैच 2021 के द्वितीय सेमेस्टर की उक्त परीक्षा नगर के रोडवेज बस स्टैंड निकट स्थित एसडी इंटर कॉलेज में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में मंगलवार को संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि जनपद में तीन पालियों में संपन्न हुई इस यूपी डी ईएल ईडी प्रशिक्षण बैच 2021, 2019 व 2018 द्वितीय सेमेस्टर की प्रशिक्षण परीक्षा में कुल पंजीकृत 721 परीक्षार्थियों में से 37 परीक्षार्थी विभिन्न कारणों के चलते द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा में पहुंचने से वंचित रह गए।

## अब जुल्म की तारीख भला कौन लिखेगा, जब जुल्म को लिखने में कलम टूट रहे हैं

**मुजफ्फरनगर 20 दिसम्बर (बु.स.)।** हिंदी उर्दू साहित्यिक संस्था समर्पण द्वारा एक काव्य-गजल गोष्ठी का आयोजन काशाना-ए-कमर केवलपुरी में हुआ। जिसकी अध्यक्षता, ईश्वर दयाल गुप्ता ने की तथा संचालन, संरक्षक समर्पण अब्दुल हक सहर ने किया। कवियों और शायरों ने रचनाओं से गोष्ठी को सफल बनाया।

डॉक्टर ताहिर कमर ने कहा-

**अब जुल्म की तारीख भला कौन लिखेगा,**

**जब जुल्म को लिखने में कलम टूट रहे हैं।**

सलीम जावेद ने पढ़ा-

**कहां है रौशनी अक्सर सवाल करते हैं,**

**अंधेरी रात के मंजर सवाल करते हैं।**

वीना गर्ग ने मशवरा दिया-

**सम्बन्धों पर जमी धूल की परतें आज उतरने दो,**

**स्नेह सुधा से जीवन गगरी,मत रोको तुम भरने दो।**

अरशद ज़िया ने पढ़ा-

**थे हम सफर तो राह में दिलबर नहीं मिला,**

**आंसू जो रोक दे वो प्लम्बर नहीं मिला।**

विजया गुप्ता ने पढ़ा-

**नींव के पत्थर हैं बुजुर्ग मशवरा इन से आप जरूर लीजिए,**

**तजुर्बों की खान हैं, ज़िंदगी के, इनका एहतराम कीजिए।**

संयोजक सलामत राही ने पढ़ा-

**नीम और पिलखन के साये थे कल तक घर के सहनों में,**

**छत, छज्जों पर उगते हैं अब तो पौधे गमलों में।**

सुशीला शर्मा का शेर-

**तुम से मिलने की मुद्दत से थी आरज़ू,**

**दिल धड़कने लगा,आंख नम हो गई।**

मुस्तफा कमाल ने पढ़ा-**उनके नाम आने लगे आज वफादारों में,**

**जिनके ईमान खरीदे गये दीनारों में।**

जुनैद अजहर का कलाम-

**जो काम तूने किया वो मेरे खिलाफ किया,**

**मैं जानता हूं मगर जा तुझे मुआफ किया।**

अब्दुल हक सहर ने इस बात पर खूब वाहवाही लूटी-

**हैं मेरे इर्द गिर्द सियासत के दायरे,**

**फिर भी बना रहा हूं मौहब्बत के दायरे।**

इनके अलावा अनिल धीमान पोपट, ईश्वर दयाल गुप्ता, राम कुमार रागी, कवयित्री सुनीता सोलंकी मीना, आस मोहम्मद अमीन और सपना अग्रवाल की रचनाएं श्रोताओं ने पसंद की। अंत में संयोजक सलामत राही ने सबका आभार व्यक्त किया।




फोटो बुलेटिन काव्य-गजल गोष्ठी में अपने अशआर प्रस्तुत करते शायर।

## क्रिसमस एवं नववर्ष पर हुड़दंग मचाना पड़ेगा महंगा

**शराब पीकर उत्पात मचाने वालों पर होगी पुलिस की कड़ी नजर, होगी सख्त कार्रवाई**

**शामली, 20 दिसंबर (बु.)।** क्रिसमस और नववर्ष 2023 पर शराब पार्टी व हुड़दंग करना भारी भी पड़ सकता है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर उत्पात अथवा हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस कडी कार्रवाई करेगी। पुलिस ने होटलों व रेस्टोरेंट संचालकों को भी नववर्ष पर शराब पार्टी का आयोजन न करने की कड़ी हिदायत दी है।

जानकारी के अनुसार 25 दिसम्बर को क्रिसमस एवं नववर्ष 2023 पर होने वाले कार्यक्रमों पर इस बार पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। त्यौहार एवं नववर्ष पर शराब पीकर हुड़दंग अथवा सार्वजनिक स्थानों पर उत्पात मचाने वालों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। इसी संबंध में मंगलवार को कोतवाली प्रभारी नेमचंद सिंह ने शहर के होटल, रेस्टोरेंट एवं ढाबा संचालकों की मीटिंग लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि क्रिसमस एवं नए साल पर किसी भी तरह शराब पार्टी का आयोजन नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने बैठक में मौजूद होटल, रेस्टोरेंट संचालकों को भी कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि वे अपने यहां किसी भी तरह की शराब पार्टी का आयोजन न होने दें, अगर किसी भी होटल अथवा रेस्टोरेंट में शराब पार्टी व किसी भी तरह हुड़दंग होने की शिकायत मिली, तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं नववर्ष पर सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हंगामा करना भी महंगा पड़ेगा। क्रिसमस एवं नए साल पर पुलिस शहर में गश्त करेगी। उन्होंने बैठक में मौजूद लोगों से पुलिस का सहयोग करने की भी अपील की।

## भाकियू ने पंचायत कर विद्युत विभाग को चेताया

**कैराना, 20 दिसंबर (बु.)।** भाकियू ने विद्युत विभाग के खिलाफ पंचायत कर बगैर अनुमति किसानों की ट्यूबवेलों पर मीटर लगाने व रात में छापेमारी के नाम पर घरों में घुसने पर अग्रिम रणनीति बनाने की चेतावनी दी। मंगलवार को क्षेत्र के गांव मामौर में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में भारतीय किसान यूनियन की ओर से पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष पुष्कर सिंह सैनी ने कहा कि विद्युत विभाग तानाशाही पर उतारू है। किसानों के ट्यूबवेलों पर बगैर अनुमति रात में मीटर लगाने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा रात्रि में छापेमारी के नाम पर लोगों के घरों में घुसकर अवैध वसूली की जा रही है, जिसके चलते किसानों व ग्रामीणों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग का विरोध जारी रहेगा। यदि उत्पीड़न पर रोक नहीं लगी, तो महापंचायत कर अग्रिम रणनीति बनाई जाएगी। इस दौरान आरिफ, अमजद, दिलशाद इरशाद आदि मौजूद रहे।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव ये रहेः- रसकट ढैया-940-965, चाकू 1100-1240, लड्डू 1100-1220, खुरपापाड़ 1070-1100, शक्कर मसाला 1250-1260। आमद-8,000 मन।

## आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 21 दिसंबर, 2022**

**मेष-** स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, सामयिक कार्यों में व्यवधान उपस्थित, पारस्परिक सम्बन्धों में मनमुटाव, सुख में कमी की अनुभूति, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल।

**वृषभ-** योजना साकार होने की ओर, उत्सव में सम्मिलित सुयोग, निराशा समापन, हर्षोल्लास का वातावरण, सुख के निमित्त व्यय, धर्म में आस्था।

**मिथुन-** लाभ प्राप्त, सामाजिक गतिविधियों की ओर रुझान, मानसिक शांति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, सुपरिणाम हेतु प्रयत्नशील, आत्मीयजनों से मधुरता।

**कर्क-** भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, परिश्रम के अनुरूप सफलता, पारिवारिक खुशी, आपसी सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, कार्यक्षमता में वृद्धि, यात्रा संतोषजनक।

**सिंह-** मनोबल में कमी का एहसास, नवीन समस्याएँ उपस्थित, स्वयं का निर्णय अहितकर, वैवाहिक जीवन में अशांति, किसी से विवाद को लेकर परेशान, यात्रा।

**कन्या-** दिन बेहतर, स्वास्थ्य सुधार पर, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, जनसम्पर्क का सुयोग, भौतिक सुख के निमित्त व्यय, पुराने विवाद का समापन।

**तुला-** विचारित कार्यों में अनुकूलता, धन का प्रतिफल प्राप्त, मित्रों के माध्यम से कठिनाइयां समापन पर, मनोरंजन की ओर रुझान, दाम्पत्य जीवन में मधुरता।

**वृश्चिक-** ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूत, उपलब्धि, कार्यों की रूपरेखा, इच्छाशक्ति जागृत, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग।

**धनु-** समस्याओं से परेशान, अभीष्ट सिद्धि में विलम्ब, पारिवारिक समस्याएं प्रभावी, गलतफहमी से नुकसान, नवउत्तरदायित्व की निर्वाह में बाधा, धर्म में रुचि।

**मकर-** परिस्थितियां सुधार पर, मनोवांछित सफलता का सुयोग, अड़चनों का समापन, लाभ, उत्तरदायित्व की पूत प्रयत्नशील, जीवनसाथी से सहयोग।

**कुम्भ-** व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, पारिवारिक समस्याएं सुलझने की ओर, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, रचनात्मक क्रियाकलापों में अभिरुचि।

**मीन-** योजना साकार होने की ओर, कार्यसिद्धि, नौकरी में पदोन्नति, कर्ज की अदायगी का प्रयास, आमोद-प्रमोद सुलभ, प्रतियोगिता में सफलता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# आगरा को मिली विभोर संगल टेबल टेनिस चल वैजयंती

## गायत्री पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में आयोजित टूर्नामेंट का समापन







फोटो बुलेटिन मुख्य अतिथि को सम्मानित करते आयोजक तथा टेबिल टेनिस टूर्नामेंट में चैम्पियनशिप हासिल करने वाले आगरा के विद्यार्थी ट्राफी व शिक्षकों के साथ।

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर (बु.)।** स्थानीय ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय विभोर संगल अंतर्विद्यालय टेबल- टेनिस टूर्नामेंट का समापन हर्षोल्लास से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि संदीप गुप्ता (दिल्ली) टेबिल-टेनिस द्रोणाचार्य अवार्डी के विद्यालय पहुंचने पर उपाध्यक्ष महेश चंद्र गर्ग, प्रबंधक विनोद संगल, सह प्रबंधक डॉ. अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार, उषा संगल, आशा संगल, शशि गर्ग, रेनू अग्रवाल, राम निवास संगल, उमेश बंसल, अजय अग्रवाल, डायरेक्टर डॉ. एम के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजादवीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी, हैड मिस्ट्रेट, (जूनियर विंग) ममता चौहान ने स्वागत किया।

टूर्नामेंट का समापन बालक एवं बालिका कैटेगरी के प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कार मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विभोर संगल टेबल- टेनिस चल वैजयंती गायत्री पब्लिक स्कूल, आगरा को प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीप गुप्ता टेबल टेनिस का महत्व बताते हुए कहा कि खेल का मैदान मानवीय गुणों की प्रयोगशाला है। मानव मस्तिष्क कितना ही सफल क्यों न हो, चलना पैरों से ही होता है। खेलों से शरीर भी हृष्ट-पुष्ट होता है। खेलकूद एवं व्यायाम जीवनभर निरोगी बने रहने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आवश्यक खेलों से सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं सांप्रदायिक सौहार्द के साथ समाज एवं राष्ट्रीय एकता को बल मिलता है। मुख्य अतिथि ने टेबिल-टेनिस खेल कोप्रोत्साहन देने के लिए विद्यालय प्रबंध समिति की भूरी-भूरी प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि अंकुर दुआ ने अपने वक्तव्य में बताया कि खेल हमारे शारीरिक एवं मानसिक विकास में मदद करते है लगातार पढाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है, ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है। प्रबंधक विनोद संगल व डायरेक्टर डॉ. एमके गुप्ता ने टेबिल-टेनिस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए मुख्य अतिथि संदीप गुप्ता एवं अन्य अतिथि, विद्यालय प्रबंधक समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य, विभिन्न जनपदों से टूर्नामेंट में प्रतिभाग करने आए समस्त स्कूली छात्र-छात्राओं, टीम के कोच, अभिभावक तथा विद्यालय स्टाफ और प्रेस मीडिया आदि सभी का हृदय से धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया और क्रिसमस डे एवं नये साल की बधाई दी।

अंडर-11 बालक वर्ग में एमजी पब्लिक स्कूल के मयंक मालिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल के अंश ठाकरान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। होली एंजिल्स के मोहम्मद हुसैन व ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल के अभिनव परिहार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंडर -11 बालिका वर्ग में झ गायत्री पब्लिक स्कूल, आगरा की इनाया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिन्दू कन्या इन्टर कॉलेज, शामली की आकृति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल की लावण्या चौहान व आराध्या श्रीवास्तवने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंडर -14 बालक वर्ग में गुरु तेग बहादुर, मेरठ के कार्तिकेय जोशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। होली एंजिल्स के शान्तनु कुच्छल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दा एस डी पब्लिक स्कूल के परिवर्धन व ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल के रूद्र गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंडर-14 बालिका वर्ग में गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल, मेरठ के कार्तिकेय जोशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरस्वती विद्या मंदिर, आगरा के अरुण ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर के अथर्व शर्मा व स्टेपिंग स्टोंस स्कूल के कृष्णा वर्धन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालिका वर्ग में गायत्री पब्लिक स्कूल, आगरा की हेमू शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिन्दू कन्या इन्टर कॉलेज, सहारनपुर की सिमरन उपाध्याय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।सैंट मैरी स्कूल की सहारनपुर की प्रिया नौटियाल व होली एंजिल्स स्कूल की पावनी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही इस टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में अंडर -19 बालक वर्ग में गायत्री पब्लिक स्कूल, आगरा के हर्ष गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरस्वती विद्या मंदिर, आगरा के अभय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लाला जगदीश प्रसाद विद्या मंदिर इन्टर कॉलेज के युवराज सिंह व सरस्वती विद्या मंदिर, आगरा के कनव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंडर-19 बालिका वर्ग में गायत्री पब्लिक स्कूल, आगरा की हेमू शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिन्दू कन्या इन्टर कॉलेज शामली की शगुन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हिन्दू कन्या इन्टर कॉलेज, शामली की सिमरन उपाध्याय व सैंट मैरी स्कूल, सहारनपुर की प्रिया नौटियाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में जिला टेबिल टेनिस एसोसिएशन के पदाधिकारी मानक चंद गुप्ता, ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल के पीटीआई शीलू कुमार, सौरभ शर्मा, नैना कुच्छल तथा अन्य अध्यापक व अध्यापिकाओं का योगदान सराहनीय रहा। प्रबंधक विनोद संगल ने दो दिवसीय कार्यक्रम के लिए सभी का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन हर्षिता मिश्रा, ऋतु जैन एवं बबिता शर्मा के द्वारा किया गया।

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक **श्री उत्तम चन्द्र शर्मा** ने **'मुजफ्फरनगर बुलेटिन'** प्रातःकालीन दैनिक **224-सिविल लाइन्स दक्षिणी**, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

**सम्पादक-अंकुर दुआ**

**उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ**

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :

muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

सम्पादक की क़लम से

## चीन में फिर कोरोना की लहर

दुनियाभर के कई देशों में कोरोना संक्रमण बढ़ रहे हैं। चीन में ज्यादा हालात खराब हैं। शुक्र है कि भारत में संक्रमण लगातार घटता जा रहा है। बीते सप्ताह देश में कोरोना संक्रमण के कारण 12 मौतें हुई। इनमें से तीन दिन एक भी मौत कोरोना से नहीं हुई है। मार्च 2020 में जब से भारत में कोरोना से मौत होनी शुरू हुई, तब से ये आँकड़ा सबसे कम है। इस सप्ताह कोरोना के 1,103 नए केस आए, जो कि 23-29 मार्च 2020 के बाद का सबसे कम संक्रमण वाला सप्ताह रहा। भारत में वैक्सीनेशन ने इस महामारी को नियंत्रित किया हुआ है। 23-29 मार्च 2020 को 736 कोरोना के मामले सामने आए थे और इसके अगले ही सप्ताह केस बढ़कर 3,154 हो गए थे। एशिया और यूरोप के देशों में कोरोना के मामलों में तेजी से उछाल आया है। दो नवंबर से कोरोना के मामलों का औसत दुनियाभर में बढ़ा है। दो नवंबर वाले सप्ताह में औसतन 3.3 लाख नए केस दर्ज किए गए और 18 दिसंबर को इन आँकड़ों में 55 फीसदी का उछाल आ गया और नए केस 5.1 लाख हो गए। चीन में कोरोना के नए केस बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं और ये तब से हो रहा है। जब से चीन ने कोविड नीतियों के नियमों में ढील दी है। हालांकि 7-8 दिसंबर को चीन में करोना से मौत का कोई मामला सामने नहीं आया। इस वक़्त सबसे ज्यादा नए संक्रमण के मामले जापान में सामने आ रहे हैं। जहां बीते एक सप्ताह में 10 लाख नए केस सामने आए हैं। इस सप्ताह जापान में कोरोना से 1600 मौतें हुई हैं। वहीं दक्षिण कोरिया में बीते एक सप्ताह में 4.5 लाख नए केस सामने आए हैं। चीन में कोरोना प्रतिबंधों में ढील के बाद वहां संक्रमण की गति तीव्र हो गयी है। जीरो-कोविड पॉलिसी खत्म होने के बाद मामलों में भारी इजाफा हो रहा है। हालात इतने संजीदा हैं कि अस्पतालों के सभी बेड भरे हैं। दवाएं नहीं हैं, जहां दवाएं हैं भी वहां लंबी लाइन लगानी पड़ रही है। बीजिंग में श्मशानों में 24 घंटे अंतिम संस्कार किए जा रहे हैं। व्यवस्था इतनी चरमरा गयी है कि अंतिम संस्कार के लिए वेटिंग 2000 तक पहुंच गई है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि चीन में कोरोना केस दिनों नहीं, बल्कि घंटों में दोगुने हो रहे हैं। अमेरिकी साइंटिस्ट और महामारी विशेषज्ञ एरिक फेगल-डिंग ने सोशल मीडिया पर चीन के चौंकाने वाले वीडियोज शेयर किए हैं। इनमें अस्पतालों, श्मशानों और मेडिकल स्टोर्स के चिंताजनक हालात दिखाई पड़ रहे हैं। उन्होंने कोरोना पर बड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि 90 दिन में चीन की 60 प्रतिशत आबादी और दुनिया के 10 प्रतिशत लोग कोरोना से संक्रमित होंगे। करीब 10 लाख मौतों की आशंका है। एरिक फेगल-डिंग ने चीन की सरकार को ही इसका जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी यानी सरकार पर आरोप लगाया कि उसका लक्ष्य ही यही है कि जिसे संक्रमित होना है, हो जाए, जिसकी मृत्यु हो रही है, उसे मरने दिया जाए। जल्दी संक्रमण, जल्दी मौतें, जल्दी पीक यानी सबकुछ जल्दी ही ठीक होगा। अस्पतालों, श्मशानों के सर्वे से तो यही जाहिर होता है, क्योंकि मौतों की संख्या में विस्फोट साफ दिखाई दे रहा है। विश्व की आबादी का लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा चीन में है। ऐसा माना जा रहा है कि प्रशासन ने जो प्रतिबंध खत्म किए हैं, अचानक केसेस बढ़ने की वजह यही है। अब तक चीन जीरो कोविड पॉलिसी पर टिका हुआ था। उसका पूरा कोरोना मैनेजमेंट आइसोलेशन के इर्द-गिर्द ही था। उसने अपने हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को कोरोना के हिसाब से डेवलप भी नहीं किया। चीन में अब तक वैक्सीनेशन 38 प्रतिशत ही हुआ है। 65 की उम्र से अधिक के लोगों में ये 10 प्रतिशत ही है। जीरो कोविड पॉलिसी के कारण लोगों में कोरोना से लड़ने के लिए इम्यून सिस्टम भी डेवलप नहीं हो पाया। ऐसे में अब लोगों के एक साथ बाहर निकलने के कारण वहां कोरोना विस्फोट तो होना ही था। हालांकि, चीन का दावा है कि उनकी 90 प्रतिशत आबादी फुली वैक्सीनेटेड है, लेकिन 80 साल की उम्र से ज्यादा के लगभग 50 प्रतिशत लोगों ही का वैक्सीनेशन पूरा हुआ है। गंभीर इन्फेक्शन का सबसे ज्यादा डर इन्हें ही है। इसकी बड़ी वजह लोगों का वैक्सीन पर भरोसा न होना है। कुछ में इसके साइड इफेक्ट्स नजर आ रहे हैं, जो बाकी लोगों को खुराक लेने के लिए डिमोटिवेट करते हैं। ये खासकर बुजुर्गों में ज्यादा हो रहा है। ऐसे लोगों का कहना है कि वैक्सीन लेने के बजाय वायरस का सामना करना ज्यादा पसंद करेंगे। इसके अलावा सरकार ने भी वैक्सीनेशन कंपलसरी नहीं किया है। भारत के बारे में विशेषज्ञ कहते हैं कि भारत जैसे देश को खतरा नहीं है। क्योंकि,भारत में वैक्सीनेशन के 3 राउंड हो चुके हैं। लोगों में इम्यूनिटी डेवलप हो चुकी है। कोरोना तो भारत में भी हर जगह होगा, लेकिन वह अब इसीलिए असर नहीं करेगा। कोरोना का भारत में खतरा नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री ने 19 दिसंबर को संसद में बताया था कि भारत में वैक्सीनेशन का आंकड़ा 220 करोड़ को पार कर चुका है। यह संख्या कोरोना की सभी उपलब्ध वैक्सीन की पहली, दूसरी और प्रीकॉशन डोज को मिलाकर है। देश में 18 जनवरी 2021 को दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया गया था। महामारी विशेषज्ञ कहते हैं कि अभी चीन में संभावित तीन लहरों में से पहली लहर चल रही है। इसके बाद दूसरी लहर जनवरी माह के बीच आएगी। इस वक़्त चीन में एक हफ्ते का लूनर ईयर सेलिब्रेशन चलता है, जिससे लाखों लोग देश में आते-जाते हैं। ऐसे में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। तीसरी लहर फरवरी के आखिर से मार्च के बीच आ सकती है। इस समय सभी लोग अपनी छुट्टियां मनाकर वापस लौटते हैं। ऐसे में ज्यादा लोग इन्फेक्शन रिपोर्ट कर सकते हैं। चीन में कोरोना से होने वाली मौतों के बारे में हाल ही में एक रिपोर्ट जारी हुई है। अमेरिका के इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवेलुएशन ने अनुमान लगाया है कि 2023 तक चीन में कोरोना के कारण 10 लाख से ज्यादा लोगों की मौत होगी। ये अनुमान चीन में कोविड प्रतिबंधों के खात्मे के बाद की स्थिति को ध्यान में रखते हुए लगाए गए हैं। रिपोर्ट की मानें तो चीन में अप्रैल की शुरूआत में कोरोना मामलों का पीक आएगा।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"देश" "कब्जा" "चोट" "जिन्दगी"

साधनों पर भी कब्जा करते हैं, देश को चोट दे के जीते हैं,
बिजली चोरी से चाय बनती है, फिर उसूलों की बात करते हैं।
लोग ऐसे भी हैं जमाने में, जानवर सी है जिन्दगी जिनकी,
कौम के गम में डूबे रहते हैं,आसमानों की बात करते हैं।



## जैन कन्या पाठशाला में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

**विश्व विद्यालय कुलपति ने दी शिक्षा से जुड़ी जरूरी जानकारी**

मुजफ्फरनगर, 20 दिसम्बर (बु.)। जैन कन्या पाठशाला पीजी कॉलेज में आईक्यूएसी तथा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सीमा जैन के संरक्षण में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका विषय "शिक्षा में स्वायत्तता" रहा। उक्त सत्र का उद्घाटन शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचएस सिंह तथा प्रबन्ध समिति अध्यक्ष राजेश जैन, सचिव संजय जैन, एडवोकेट नीरज जैन, राजेन्द्र जैन, विनोद कुमार जैन, प्रवीण जैन, सुगन्ध जैन, सुधीर जैन आदि द्वारा किया गया। मंच संचालन आईक्यूएसी की अध्यक्षा डॉ. सन्तोष कुमारी ने किया। सेमिनार को दो सत्रों में रखा गया। इसमें प्रथम सत्र के प्रथम प्रमुख वक्ता डॉ. दुर्गा प्रसाद अग्रवाल ने आजादी के स्वर्ण महोत्सव तथा नई शिक्षा नीति के बारे में अपने विचार रखे। दूसरे वक्ता मुख्य अतिथि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय पुवारका सहारनपुर के कुलपति प्रो. एचएस सिंह रहे। उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि शिक्षा भारत में आदिकाल से चले आ रहे थी। प्रबन्ध समिति के सदस्य एडवोकेट सुगंध जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किये। द्वितीय सत्र के प्रमुख वक्ता डॉ. आशीष मिश्रा ने भारतीय भाषाओं के बारे में अपने विचार व्यक्त किये द्वितीय सत्र के दूसरे मुख्य वक्ता प्रो. संजय शर्मा रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विरेन्द्र कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आईक्यूएसी की सदस्य डॉ. संतोष कुमारी, डॉ. आभा सैनी, डॉ. वंदना वर्मा, सोनाली सिंह, डॉ. मनीषा अग्रवाल, डॉ. सविता वशिष्ठ, डॉ. निशा गुप्ता, नीता भटनागर, डॉ. वर्चसा सैनी की सहभागिता रही। इस दौरान डॉ. गीता,डॉ. प्रियंका कपूर, डॉ. मंजूषा, डॉ. पारूल जैन, डॉ. पूजा, डॉ. छाया, डॉ. वंदना शर्मा, डॉ. दुष्यंत कुमार, डॉ. अमरदीप, डॉ. रितु मित्तल, प्रतिमा शर्मा, कु. निधि सिंहवाल, आयशा सुल्तान, निधि शर्मा, अनु बडाना, इनम्मा, मोनिका शर्मा, खुशनब, मनीषा, शिवानी, कुलदीप कुमार, सविता, यासमीन, पारूल आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग रहा।

## शारदेन के छात्रों ने ऑल इंडिया कराटे टूर्नामेंट में गोल्ड पर किया कब्जा




मुजफ्फरनगर, 20 दिसम्बर (बु.)। शारदेन स्कूल के दो छात्रों ने 'सुकाई कप 2022 ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया। उत्तर प्रदेश, हरियाणा राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली, बिहार और पंजाब के 200 खिलाड़ियों में से शारदेन स्कूल मुजफ्फरनगर के दो छात्रों द्वारा स्वर्ण पदक हासिल करना बहुत ही गर्व की बात है।18 दिसंबर 2022 लीलावती पब्लिक स्कूल प्रताप विहार गाजियाबाद में 'सुकाई कप 2022 ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप' आयोजित की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली, बिहार और पंजाब से लगभग 200 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। पूरा शारदेन परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है कि हमारे विद्यालय के दो छात्र प्रज्ञान पंवार और विवान ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर पूरे जिले और राज्य का नाम रोशन किया। छात्रों ने ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त करके अन्य छात्रों का संदेश दिया कि सेल्फ डिफेंस हमें अनुशासन सिखाता है और हर व्यक्ति के जीवन में अनुशासन महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग आत्म विश्वास जगाती हैं, एकाग्र और सतर्क रहना सिखाती है और इन सब के साथ यह आपको स्वस्थ रखती है। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि सिकंदर यादव, विशेष अतिथि अनिल कौशिक, ऑनर अतिथि सोनू बग्गा, यतेंद्र नागर, प्रदीप वर्मा, लक्ष्मी वर्मा और यतेंद्र शर्मा थे। प्रधानाचार्य धारा रतन ने छात्रों को स्वर्ण पदक हासिल करने पर शुभकामनाएं दी। स्कूल प्रबंधक विश्व रतन ने खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

## बजरंग दल के गौशाला निरीक्षण में गाय मृत मिलने पर हंगामा





चरथावल, 20 दिसम्बर, (बु.)। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल चरथावल द्वारा चरथावल नगर पंचायत में संचालित कान्हा गौशाला का निरीक्षण करने के दौरान अधिकतर गौवंश बदहाल अवस्था में मिलने व एक गाय की उपचार के दौरान मौत हो जाने से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। मौके पर ईओ व अन्य अधिकारी के न मिलने पर आक्रोशित कार्यकर्ता चेतावनी देकर वापस लौट गये। सोमवार को दोपहर के समय विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ताओं के संग नगर अध्यक्ष रूपेश त्यागी चरथावल नगर पंचायत परिसर में संचालित कान्हा गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। आरोप है कि गौशाला में अधिकतर गौवंश बदहाल अवस्था में मिला। एक गाय के पैर में जख्म व एक बीमार गाय जमीन पर पड़ी हुई अटक-अटक कर सांस ले रही थी। मौके पर पशु चिकित्सक को बुलाकर बीमार गाय का उपचार शुरू कराया गया, लेकिन उक्त गाय ने उपचार के दौरान ही तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। यह देखकर कार्यकताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया, जिस पर उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया, लेकिन दोपहर के समय तक भी ईओ या अन्य किसी सक्षम अधिकारी के ड्यूटी पर न मिलने पर आक्रोशित कार्यकर्ता इस घटनाक्रम से जिलाधिकारी को अवगत कराने की चेतावनी देकर वापस लौट गये। इस मौके पर नगर अध्यक्ष रूपेश त्यागी, नन्दकिशोर त्यागी, शिवम कश्यप, राहुल त्यागी, अमन कश्यप, शुभम कौशिक, सार्थक त्यागी, शिवांश कश्यप, सुमित कश्यप व शिवम त्यागी सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस सम्बंध में जब अधिशासी अधिकारी नीलम पांडे से सम्पर्क कर मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने इस बारे में कोई भी जानकारी होने से इनकार करते हुए फोन काट दिया।

## लखनऊ के लिए साइकिल से निकला राजमिस्त्री

जानसठ, 20 दिसम्बर (बु.)। गांव खलवाड़ा के राजमिस्त्री ने सोमवार को जानसठ के ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर से साइकिल मार्च निकालकर लखनऊ के लिए रवाना हुआ। लखनऊ में वह मुख्यमंत्री से मिलेगा और ग्राम सचिव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराएगा। तहसील के गांव खलवाड़ा निवासी राजमिस्त्री समन्द्र सैन पुत्र धन्नु का आरोप है कि वर्ष 2018 से 2020 में जिला मेरठ की तहसील सरधना के गांव कपसाढ़ के तत्कालीन ग्राम सचिव ने उसको लिखित व मौखिक संविदा करार करते हुए 91 शौचालय बनाने का ठेका दिया था। उसने बताया कि यह ठेका लगभग 8 लाख 70 हजार रुपए में लिया गया था। आरोप है कि ग्राम सचिव पर करीब 1 लाख 96 हजार 630 रुपये मजदूरी ठेके के बकाया हैं। अभी तक उसको मजदूरी का पैसा नहीं मिला है, जिससे उसका परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। उसने इस संबंध में मेरठ में जिला पंचायत राज अधिकारी से भी कई बार शिकायत की थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। पीड़ित राजमिस्त्री ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार से जानसठ के ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर से लखनऊ जाने के साइकिल द्वारा मार्च निकाला। वह पहले मेरठ के जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में पहुंचेगा। जहां पर शिकायत दर्ज कराने के बाद अगर समाधान नहीं होता है, तो वह सीधे लखनऊ पहुंचेगा, जहां पर वह मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ग्राम सचिव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराएगा।

## माँ शाकुम्भरी विवि के कुल सचिव से मिला प्रतिनिधिमंडल

मुजफ्फरनगर, 20 दिसम्बर (बु.)। डीएवी पीजी कॉलेज के छात्र संघ के संयुक्त सचिव अमन जैन के नेतृत्व में एक छात्र प्रतिनिधि मंडल ने मां शाकुंभरी देवी राजकीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव से मुलाकात की और उन्हें विभिन्न शैक्षिक समस्याओं के बारे में अवगत कराया। छात्र संघ के नेता अमन जैन ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव से मिलकर, उनसे एलएलबी प्रथम वर्ष प्रवेश प्रक्रिया, बीए, बीएससी के परीक्षाफल संबंधी, बीएससी बायोटेक परीक्षाफल में हुई त्रुटि और आगामी सत्र में परास्नातक विषयों में सीट वृद्धि आदि विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कुलसचिव के अनुसार एलएलबी संकाय की संबद्धता बीसीआई से मौखिक रूप में प्राप्त हो गई है दो दिन बाद लिखित भी प्राप्त हो जायेगी और एलएलबी प्रथम वर्ष प्रवेश प्रक्रिया 25 दिसंबर से संभवत शुरू कर दी जाएगी। इस दौरान कपिल कुमार ने बताया कि कुलसचिव को इससे पूर्व छात्रों की ओर से पटका पहनाकर सम्मानित किया और एक सुखद वार्ता संपन्न हुई। कुलसचिव कमल कृष्ण ने छात्रों की सभी समस्याओं को ध्यान में रखकर उनके शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से माहेनूर, कार्तिकेय दीक्षित आदि भी उपस्थित रहे।

रस्म पगड़ी



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री सुधीर मित्तल जी** (पुत्र स्व. श्री जगदीश प्रसाद जी) का **स्वर्गवास दिनांक 10 दिसम्बर 2022, दिन शनिवार** को हो गया है। ईश्वर की ऐसी ही इच्छा थी।
**रस्म पगड़ी (तेरहवीं) दिनांक 22 दिसम्बर 2022, दिन गुरूवार को समय दोपहर 2 से 3 बजे,**
**स्थान : वर्धमान जैन धर्मशाला,** निकट संकीर्तन भवन, चौड़ी गली, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर पर सम्पन्न होगी।

ब्रह्मभोज ........... प्रातः 11 बजे
रस्म पगड़ी ........ दोपहर 2 बजे

**शोकाकुल परिवार**

रेखा मित्तल (पत्नी), सुबोध मित्तल (भाई)
प्रशान्त मित्तल–आरती मित्तल (पुत्र–पुत्रवधु)
नुपुर गर्ग–विशाल गर्ग (पुत्री–दामाद)
सचिन मित्तल–जूही मित्तल (भतीजा–भतीजा बहू)
अव्यान मित्तल, अक्षर मित्तल (पौत्र), दक्ष, अक्ष (धेवते)

मोबाइल : 8272028200, 8218243520

# लायंस क्लब मुजफ्फरनगर "लोटस " के द्वारा हुआ पारिवारिक सभा का आयोजन



लांयस क्लब लोटस की पारिवारिक सभा के दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिक। -फोटो बुलेटिन

मुजफ्फरनगर, 20 दिसम्बर (बुस.)। स्थानीय जानसठ रोड स्थित एक होटल में लायंस क्लब लोटस की मासिक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पैटर्न लॉयन कमल गोयल के संबोधन से हुई। मास्टर ऑफ सेरेमनी पीएमजेएफ लॉयन मुकेश अरोड़ा तथा एमजेफ लॉयन लावण्या पुरी ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। नवीन मनोनीत अध्यक्षा डॉ. अनुराधा वर्मा की अध्यक्षता में सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रंगारंग कार्यक्रमों के बीच सदस्यों को वैवाहिक वर्षगांठ तथा जन्मदिन के उपहार भी वितरित किए गए। अध्यक्षा लायन डॉ. अनुराधा वर्मा ने अपने संबोधन में आने वाले लॉयन ईयर में क्लब के द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। इसी क्रम में नव मनोनीत सचिव लॉयन अंकिता महंत ने भी अपना परिचय देते हुए नए सदस्यों से सदन का परिचय कराया। लॉयन रेनू गुप्ता ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी तथा पलाश अग्रवाल तथा लॉयन विवेक वर्मा के द्वारा सुंदर प्रस्तुतियां दी गई, वहीं निहारिका के द्वारा सुंदर बांसुरी वादन भी किया गया।

इस अवसर पर नव मनोनीत कोषाध्यक्ष लायन पंकज कक्कड़ भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में वाइस प्रेसिडेंट प्रथम डॉ. विवेक कुमार ने वोट ऑफ थैंक्स देते हुए सभी सदस्यों को रात्रि भोज पर आमंत्रित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से वाइस प्रेसिडेंट सेकंड लॉयन अजय भारती वाइस प्रेसिडेंट तृतीय लॉयन राजेश गर्ग, लायनएड संध्या गर्ग, लॉयन मिनी मुकेश अरोरा, लॉयन नीरज पुरी, लॉयऐड वीणा गोयल, लॉयनएड डॉक्टर बलजीत कौर, लॉयन तनु कपूर, लॉयन शिवम कपूर, टेल ट्विस्टर लायनएड इंदु किंडरा, लॉयन राजेंद्र किंडरा, लायन डॉ. ए.के. विरमानी, टेमर लॉयन मनीष गर्ग, सह सचिव लॉयन धर्मप्रीत सिंह बेदी, लायनएड टीना बेदी, सह सचिव लायन संदीप महेश्वरी, लायनएड एकता महेश्वरी, सह कोषाध्यक्ष लायन हर्षित गर्ग, लायनएड रिंकी गर्ग, सह कोषाध्यक्ष लॉयन विवेक वर्मा, पीआरओ लॉयन विनोद गुप्ता एडवोकेट, लायनएड रेनू गुप्ता, पीआरओ डॉ. पराग कंबोज, लायन सिकंदर लाल, लायन विनोद गुप्ता, लायन मुकेश धमीजा, लायन शुभम बंसल, लायन हरीश उतरेजा, लायन सिद्धार्थ शर्मा, लॉयन धर्मेंद्र कुमार, लायन अरुण कुमार, लॉयन मोहित अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# बीएलओ पर लग रहे आरोप, वोटर दर दर की खा रहे ठोकर

## -सुपरवाइजर के कार्यों पर लगा सवालिया निशान

कैराना, 20 दिसंबर (बु.)। मतदान करना हम सब का अधिकार है। पहले मतदान करें फिर काम करें। स्वयं के साथ दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। प्रशासन की ओर से इसी तरह से कई अन्य स्लोगन के साथ लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिन लोगों का नाम सूची में नहीं जुड़ा है वह सभी बीएलओ के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग कर रहे है। हालांकि अभी निकाय चुनाव की कोई तारीखों का ऐलान नही हुआ है। हालांकि हाई कोर्ट के फैसले के बाद ही निकाय चुनाव की तारीख का ऐलान होगा, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है की जहां सरकार शत प्रतिशत वोट बनवाने पर जोर दे रही है वह आज भी कई वार्डो में बीएलओ द्वारा कराया गया सर्वे वो ही ढ़ाक के तीन पात वाली कहानी सामने आ रही हैं। नगर में कायस्थवाड़ा अफगान दरबार के अलावा नवीन सीमा में जुड़े नए वोटरों को कही दूसरे वार्डो में जोड़ दिया तो कहीं उनकी वोट ही काट दी गई है। कई ऐसे मौहल्ले हैं, जहां अभी भी नवीन वोट बनने हैं और कुछ तो फर्जी वोट या गलत वोट बनने का भी मामला सामने आया है। हर रोज दर्जनों वोट बनने और आपत्ति लगाने वालो की लाइन लगी हुई है। वहीं बीआरसी पर लोग जाकर फार्म की मांग करते है, तो वह सही प्रकार से उनको जानकारी भी नही देते, जिसके बाद लोगों को वोट बनवाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। इसके अलावा प्रशासन की भी लापरवाही बिल्कुल खुलकर सामने आ रही हैं। अब देखना है कि आगामी समय में कितने लोग वोट डालने से वंचित रह पाते हैं यह तो समय के गर्भ में छिपा है। उधर मामले में एसडीएम शिव प्रकाश यादव का कहना है कि जो भी आपत्ति लगी है उनकी भी जांच कराई जा रही है और ऐसे बीएलओ को भी सख्त हिदायत देकर वोट प्रकिया में लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया

जानसठ, 20 दिसम्बर (बु.)। कस्बे में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। राजयोगिनी प्रवेश बहन ने कहा एक बार सुदामा जैसी आत्मा को भरपूर कष्ट था, परंतु जब तक चलकर स्वयं श्री कृष्ण के पास आए उनकी पूरी जिंदगी का कायाकल्प कर दिया। इसी प्रकार हम मानव एक बार श्रद्धा, प्रेम, विश्वास के साथ कदम बढ़ा कर आएं। इसी प्रकार हम-हमारे सभी दुख दरिद्र, अशांति व तनाव जैसी बीमारियों से मुक्त हो सकते हैं। अगर हम इस ज्ञान गंगा बहती अमृतधारा में दो घंटे का स्नान करें, तो जीवन पावन बनेगा। कहा भी जाता है कि तन की मुक्ति स्नान से, मन की शुद्धि ज्ञान और धन की शुद्धि दान से। अमृत वर्षा कथा के मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रवेन्द्र भड़ाना रहे।

### सरकारी इमारतों में होगा गोबर पेंट

रायपुर। छत्तीसगढ़ में अब सभी सरकारी इमारतों में गोबर पेंट अनिवार्य कर दिया गया है। इसको लेकर सीएम भूपेश ने निर्देश जारी कर दिए हैं। साथ ही कहा है कि इसका उल्लंघन करने वाले अफसर पर कार्रवाई की जाएगी। सीएम ने निर्माण विभागों के केमिकल पेंट का उपयोग करने पर नाराजगी जताई है।

**बैनामा खोया सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सन्जुम पुत्र कालू निवासी अलमासपुर, मुजफ्फरनगर का रहने वाला हूँ तथा दिनांक 19/12/2022 ई. को तहसील आते–जाते समय मेरे ताऊ का मूल बैनामा नामित लतीफ पुत्र मिद्दू निवासी ग्राम अलमासपुर, परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, जिसकी रजिस्ट्री बही नं. 1, जिल्द 2090, पृष्ठ 323/336, क्रमांक 1788 कहीं गिर गया है, जो काफी तलाश करने के उपरांत भी नहीं मिला है। उक्त बैनामा ग्राम अलमासपुर (बाहर हद्द) मुन्दर्जा खसरा नम्बर 119 में स्थित प्लाट का है।

**सन्जुम पुत्र कालू**
निवासी : अलमासपुर, मुजफ्फरनगर

**किराये के लिए उपलब्ध है**



एक बिल्डिंग (3000 वर्ग फुट), डॉ. मुकेश जैन वाली गली में (खुशी मेडिकल स्टोर के पीछे), किराये के लिए उपलब्ध है, बैंक, ATM तथा Telecom Office आदि के लिए उपयुक्त है।

–: सम्पर्क करें :–
9897261727, 9536415306



## सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत बैठक का आयोजन

पुरकाजी, 20 दिसम्बर (बु.)। ग्राम लखनौती में जूनियर हाईस्कूल में सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम पंचायत लखनौती के पंचायतघर पर अवैध कब्जे को लेकर मामला छाया रहा और जल्द ही समाधान का आश्वासन दिया गया। सरकार द्वारा चलाये जा रहे सुशासन सप्ताह में हुई बैठक में नायब तहसीलदार राजीव त्यागी ने लोगों की समस्यायें सुनी। बैठक में पेंशन, आंगनबाड़ी केन्द्र तथा पंचायत घर पर अवैध रूप से कब्जा करने का मामला सामने आया, जिसे जल्द ही समाधान का आवश्वासन दिया गया। गांव की महिलाओं ने नायब तहसीलदार राजीव ज्यागी सहित सचिव विक्रांत कुमार को संयुक्त रूप से ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं के समाधान की मांग की। बैठक में नायब तहसीलदार राजीव त्यागी, राजस्व निरीक्षक चॉदवीर सिंह, सचिव विक्रांत कुमार, लेखपाल अमित सैनी, प्रशान्त गुप्ता, ग्राम प्रधान चौधरी रविन्द्र कुमार, पूर्व प्रधान अर्जुन सिंह, वेदपाल चौधरी, सुरेन्द्र चौधरी अजिन्द्र राठी, बालेन्द्र राठी एडवोकेट, हिना चौधरी, योगेन्द्र सिंह, आयशा, बुशरा, कविता, सायरा, गिन्नी, वीर सिंह, आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## जीडी गोयनका में एनुअल स्पोर्ट डे कार्यक्रम 24 को

मुजफ्फरनगर, 20 दिसम्बर (बुस.)। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल मुजफ्फरनगर का एनुअल स्पोर्ट्स डे 24 दिसंबर को स्कूल में मनाया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल एवं जिला विद्यालय निरीक्षक गजेंद्र कुमार होंगे।

कार्यक्रम की जानकारी विद्यालय के चेयरमैन पवन गोयल एवं प्रधानाचार्य सुरेखा सिंह ने दी स्पोर्ट्स-डे के अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों में विद्यालय परिवार लगा हुआ है। विद्यालय के सचिव सचिन गोयल ने बताया कि 24 दिसंबर को स्कूल के कैंपस में कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम की तैयारियों में लगे शिक्षक-शिक्षिकाएं भी अपने स्कूल के एनुअल स्पोर्ट्स डे के कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

## टीबी ग्रस्त चार बच्चों को लिया गोद



जानसठ, 20 दिसम्बर (बु.)। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय रोग मतलब टीबी बीमारी से ग्रसित क्षेत्र के चार बच्चों को ब्लॉक के अधिकारियों द्वारा गोद लिया गया है। दो बच्चों को ए-बी एस-ए और दो बच्चों को ब्लॉक बीडीओ संत प्रकाश द्वारा गोद लिया गया। बीडीओ संत प्रकाश ने बताया कि शासन के निर्देश पर ब्लॉक स्तर के अधिकारी क्षेत्र के टीबी रोग से ग्रसित बच्चों को गोद लेने का काम कर रहे हैं। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया गोद लेने वाले बच्चों का 6 माह तक का खर्च अधिकारियों द्वारा उठाया जाएगा। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मुफ्त दवाई भी टीवी ग्रसित बच्चों को दी जाएगी। समद, गुलसबा, दरक्षा और चिराग नामक बच्चों को मंगलवार के दिन अधिकारियों द्वारा गोद लिया गया।

## स्वच्छता अभियान ने तोड़ा दम, ग्रामीण हुए हलकान



भोपा, 20 दिसम्बर (बु.)। शासन प्रशासन स्वच्छता अभियान के नाम पर साफ-सफाई के जितने भी दावे करे, किन्तु सफाई को लेकर लापरवाही जारी है। बेहड़ा सादात में मोरना-जानसठ मार्ग पर दूर तक फैली भारी गन्दगी स्वच्छता अभियान की पोल खोल रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से साफ सफाई की मांग की है। मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात में तहसील व ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाले मार्ग पर गन्दगी का बोलबाला है। बस स्टैण्ड के पास दूर तक गन्दगी के ढ़ेर लगे हुए हैं। जहां कुछ दूरी पर ककरौली थाना भी स्थित है। जहां अनेक स्कूल कॉलेज में जाने वाले छात्र-छात्राओं सहित भारी संख्या में राहगीर गुजरते हैं। मार्ग के किनारे दूर तक फैले गन्दगी के ढ़ेरों पर आवारा पशु टहल रहे हैं तथा गन्दगी से तेज दुर्गन्ध चारों ओर फैल रही है। गन्दगी से उठने वाली दुर्गन्ध तथा वहां से आने वाली मक्खियां जोकि बराबर में स्थित मिठाई व चाय की दुकानों पर खाने पीने की वस्तुओं पर बैठकर बीमारियां फैला रही हैं। प्रतिदिन मार्ग से गुजरने वाले तहसील व ब्लॉक अधिकारी भी गन्दगी को लेकर मूकदर्शक बने हुए हैं। लगभग पांच हजार से अधिक की आबादी वाला गांव जोकि मुजफ्फरनगर-बिजनौर व मोरना जानसठ मार्ग पर स्थित है। क्षेत्र की स्वच्छता पर कलंक जैसा बना हुआ है। गन्दगी के ढ़ेर ग्रामीणों के लिए एक बडी समस्या बन गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गन्दगी को लेकर अनेकों बार अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, किन्तु वर्षो से गन्दगी हटने का नाम नहीं ले रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से गन्दगी को हटवाने की मांग की है।

# आबाद हुए रैनबसेरे, जल उठे चौराहों पर अलाव

▸ अधिकारियों को दिए व्यवस्था दुरूस्त किए जाने के निर्देश
▸ रैन बसेरा की व्यवस्था देख जताई नाराजगी, सुधार के निर्देश

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसम्बर (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर समेत जनपद में शुरू हुई कड़ाके की ठंड के दृष्टिगत मंगलवार को नगर पालिका के अधिकारियों के साथ अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने नगर के रेलवे स्टेशन के निकट बने शेल्टर होम व अस्थाई रैन बसेरा का निरीक्षण किया। इस बीच अधिकारियों ने यहां की व्यवस्थाओं को परखने के साथ आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विभागीय अधिकारियों व शेल्टर होम प्रभारी से विचार-विमर्श करते हुए खामियों को दूर करने के साथ सर्दी से बचाव के लिए और पुख्ता इंतजाम करने पर बल दिया। उधर देर शाम नगर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार व एसडीएम सदर परमानन्द झा के अलावा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में रैन बसेरे और अलाव स्थलों का निरीक्षण किया और सम्बंधित अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त किये जाने के निर्देश दिये। मंगलवार को एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने शासन स्तर से जारी निर्देशों के बीच डीएम चन्द्र भूषण सिंह के आदेश पर वेस्ट यूपी और दिल्ली-एनसीआर के साथ जनपद में कड़ाके की ठंड की दस्तक के बीच जनपद मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन के निकट बने हुए स्थाई शेल्टर होम और अस्थाई रैन बसेरा का नगर पालिका टीम के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा शेल्टर होम की व्यवस्थाओं को जांचा गया एवं शेल्टर होम में लोगों की मूलभूत आवश्यकता को पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। इसके साथ एडीएम प्रशासन ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देशित करते हुए कहा कि शेल्टर होम में रात्रि में आगंतुकों को ठंड से बचाव करने हेतु विश्राम के लिए अतिरिक्त बेड और कंबल की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने नगर क्षेत्र में ठंड के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुए अलाव की व्यवस्था हर चौक-चौराहे और रेलवे व बस स्टैंड पर जरुरी रूप से किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त नगर मजिस्ट्रेट सुबोध कुमार एवं नगर पालिका जेई कपिल कुमार समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।





# शामली में भी कोहरे व ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त

▸ कोहरे के कारण रेंगे वाहन, घंटों लगा रहा जाम, बिलबिलाए लोग ▸ धीरे-धीरे चरम पर पहुंच रही है ठंड, जनजीवन हो रहा अस्त-व्यस्त

**शामली, 20 दिसम्बर (बु.)।** ठंड का मौसम धीरे-धीरे अपने चरम पर आ रहा है, वहीं कोहरा भी लोगों के लिए मुसीबतें खड़ी कर रहा है। मंगलवार की सुबह भी घने कोहरे व ठंड ने लोगों को जीना मुहाल कर दिया। कोहरे का आलम यह था कि हाइवे पर कुछ भी साफ नजर न आने के कारण वाहनों चलने के बजाय रेंगने पर मजबूर हो गए, जिसके चलते वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही, जिससे शहर में भी जाम की स्थिति बनी रही। जानकारी के अनुसार ठंड का असर अब धीरे-धीरे अपने चरम पर आने लगा है। सर्दी के कारण लोगों का बुरा हाल हो रहा है, वहीं कोहरा भी लोगों के लिए मुसीबतों का सबब बना हुआ है। कोहरे के कारण जहां आम जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है वहीं वाहन चालकों को भी मुसीबतों का सामना करना पड रहा है। मंगलवार को भी कोहरे व ठंड के कारण आम जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त रहा। सुबह के समय छाए घने कोहरे के कारण कुछ दूरी का भी साफ नजर न आने के कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा, वहीं सुबह के समय कोहरे के बीच ही छात्र-छात्राओं को ठिठुरते हुए स्कूल जाना पड़ा। बढ़ती ठंड को देखते हुए अभिभावकों ने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताते हुए स्कूल का टाइम बढ़वाए जाने की भी मांग की है, वहीं हाइवे पर कोहरे के चलते वाहन चलने के बजाय रेंगने पर मजबूर हो गए, जिसके चलते मेरठ-करनाल हाइवे पर वाहनों की लंबी-लंबी लाइनें लगी रही, अन्य वाहन चालकों को निकलने का रास्ता न मिलने के चलते जाम लगा रहा। लोग घंटों फंसे रहे, जिसका असर शहर में नजर आया। जाम के कारण लोग परेशान रहे। वहीं ठंड ने भी लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। शहर में कई जगह अलाव जलाए जा रहे हैं।

## गर्म कपड़ों व हीटरों की बिक्री में इजाफा

**शामली, 20 दिसम्बर (बु.)।** ठंड बढ़ने के साथ ही गर्म कपड़ों की बिक्री में भी इजाफा हुआ है, वहीं रुम हीटरों की बिक्री भी बढ़ी है। लोग गर्म कपड़ों के साथ-साथ रूम हीटरों की भी खरीदारी करने में जुटे हुए हैं। दुकानदार रवि के अनुसार रुम हीटरों खरीदने वाले लोग दुकान पर पहुंच रहे हैं। रुम हीटर 1500 रुपये से लेकर 3 हजार रुपये तक कीमत में उपलब्ध है।



# जिम्मेदारों की उपेक्षा के बीच नहीं तैयार हुए रैन बसेरे

## एक टीन शेड पर कबाड़ियों का कब्जा, दूसरे की टूटी शेड

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसम्बर (बु.)।** वेस्ट यूपी में कडाके की ठंड शुरू हो गई है, लेकिन अभी तक नगर पालिका प्रशासन कुछ करने के बजाए अलाव के टैंडर छोड़े जाने और अस्थाई रैन बसेरों की सुध लेना ही भूल बैठा है। ऐसे हालातों में गरीब लोग नगरीय क्षेत्र में पालिका की उठा-पठक के बीच छिड़ी जंग का लगातार खामियाजा भुगतने को विवश हैं। ऐसे हालातों में रैन बसेरे की कोई व्यवस्था न होने के कारण तमाम लोग ठंड में रात गुजारने के लिए इधर से उधर भटक रहे हैं। पूर्व में साईधाम रोड पर नगर पालिका द्वारा पालिका प्रशासन की ओर से दो अस्थाई रैन बसेरे बनाए गए थे। इस बार इन दोनों ही रैन बसेरे को शुरू नहीं किया गया है। जिस कारण गरीब लोग भोपा रोड, जानसठ रोड, गोल मार्किट, टाउन हाल, रेलवे स्टेशन और महावीर चौक आदि विभिन्न स्थानों पर खुले में रात गुजार रहे हैं और ठंड में बुरी तरह से ठिठुर रहे हैं। नगर पालिका परिषद के द्वारा पूर्व में साईधाम मंदिर के सामने दो अस्थाई रैन बसेरे बनाए गए थे। इन रैन बसेरे में करीब 150 से अधिक लोगों के रात्रि में आराम करने की व्यवस्था की गई थी। नगर पालिका के द्वारा टीन शेड आदि डालकर रैन बसेरा बनाया गया था। अब स्थानीय कुछ लोगों ने यहां पर कब्जा किया हुआ है। अधिकारियों की उपेक्षा के बीच ऐसे में जहां एक अस्थाई रैन बसेरे के कुछ टीनशेड उतार ली गई है। वहीं दूसरे रेन बसेरे में सामान आदि भरा हुआ है। ऐसे में रेलवे स्टेशन के बाहर मात्र एक स्थाई आश्रय गृह शेल्टर हाउस है। जिसमें रात्रि में आराम करने के लिए 50 बैड, कम्बल, गद्दे आदि की व्यवस्था की गई है। इस आश्रय गृह शेल्टर हाउस को आदर्श सेवा समिति एनजीओ के द्वारा चलाया जा रहा है। नगर पालिका का इस एनजीओ का पिछले साल का भी भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। जिस कारण यह एनजीओ भी बुरे हालातों से गुजर रही है।

## परिवार को कमरों में बंद कर लाखों की नकदी व गहने चोरी

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर (बु.)।** मंसूरपुर क्षेत्र के गांव खानपुर में सोमवार देर रात अज्ञात बदमाश एक मकान से नकदी गहनों समेत लाखों की सम्पत्ति चोरी कर ले गए। बदमाशों ने घर में सो रहे परिवार के सदस्यों के कमरे की बाहर से कुंडी लगाकर अंदर बंद कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घंटों बदमाशों की तलाश में कांबिंग की, लेकिन पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगी। इस सम्बन्ध में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव खानुपुर निवासी महिला सुदेश पत्नी स्वर्गीय चंद्रपाल अपने बेटों तथा पुत्रवधू के साथ गांव में ही रहती है। सोमवार की रात्रि सभी अपने-अपने कमरों में अलग-अलग सो रहे थे। इसी बीच देर रात्रि में अज्ञात बदमाश मकान में घुस गए तथा सभी कमरों की बाहर से कुंडी लगा दी, जिस कमरे में पैसे तथा जेवर रखे थे, उसका गेट खोल कर बदमाश लाखों रुपए के जेवर तथा 80 हजार रुपये नगद चुराकर फरार हो गए। इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई, तो पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश में कांबिंग की, लेकिन कोई बदमाश हत्थे नहीं चढ़ पाया। महिला की ओर से अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# डिस्ट्रिक्ट बार संघ चुनाव में बने त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसम्बर (बु.)।** डिस्ट्रिक्ट बार संघ के वर्ष-2023 की नई कार्यकारिणी के चुनाव में नामांकन पत्र वापसी के बाद अध्यक्ष-महासचिव और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबले, कोषाध्यक्ष पद पर सीधे और अन्य तमाम पदों पर कड़ा मुकाबला होने के आसार दिखाई देने लगे हैं। मंगलवार को नाम वापसी के बाद डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार शर्मा एड. की ओर से जारी अधिकृत सूची में अध्यक्ष पद पर अनिल जिन्दल, मुनेश चन्द त्यागी व योगेन्द्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अर्जुन सिंह, मानवेन्द्र कुमार जैन व विवेक त्यागी, महासचिव पद पर अनूप सिंह राठी, जितेन्द्र कुमार व संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर ठा. संदीप कुमार पुंडीर, व हाकिम अली के बीच मुकाबला होगा। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद 15 वर्ष के दो पदों के लिए देवेन्द्र कैल, प्रज्ञा गर्ग, प्रदीप कुमार, यशपाल बालियान, विक्रांत राठी व विष्णु गर्ग, उपाध्यक्ष 10 वर्ष दो पद पर दीपक धीमान, नीशुकांत शर्मा, मनोज त्यागी, राधेश्याम त्यागी, शीला भारद्वाज व सत्यवीर सिंह और सह सचिव पद पर ठा. कुल दीपक कुमार, खुर्रम उस्मानी, चौ. तोसीन अहमद, दीपक रानी, राजीव कुमार जैन, शिखा कौशिक, हर गोपाल सिंह व चौ. शाहजेब चुनाव मैदान में डटे हैं। इसके साथ वरिष्ठ सदस्य के छह पदों के लिए अभिषेक अग्रवाल, कमल कृष्ण गुप्ता, कुलदीप सिंह, नेपाल सिंह, मनोज कुमार, महेश चन्द, मुदित त्यागी, रविन्द्र सिंह मोघा, रामधन सिंह, सुधीर कुमार, सुरेन्द्र सिंह व मौ. यासीन चौधरी और कनिष्ठ सदस्य के छह पदों के लिए सोमवार को आदिश वर्मा, अब्दुल माजिद त्यागी, अमित कुमार, अमन गोयल, अवनीश कुमार मोघा, ओसाफ, निशा रानी, योगिता वर्मा, गजेन्द्र कुमार, वासु गोयल, शांतुन पुंडीर, मौ. सादिक, सद्दाम हुसैन, सतीश शर्मा व मौ. हनीफ समेत 15 दावेदार शेष रह गए हैं। अब 23 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान व 24 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से मतगणना होगी। इस दौरान रियाज हसन राठी, आमोद कुमार त्यागी, रमेश चन्द गोयल, उमेश कुमार शर्मा, ठा. नीरज कुमार, मनोज सौदाई, सुदेश कुमार, सत्येश्वर सिंह, चुनाव अधिकारी के रूप में मौजूद रहे।



घने कोहरे और बादलों के बीच सूरज के छिपे रहने से शीत लहर चली तो शहर की सड़कों पर ऐसे नजारे आम हो गए।



# लूट करने वाले बदमाशों की तलाश में लगी बुढ़ाना पुलिस

**बुढ़ाना, 20 दिसम्बर, (बु.)।** बीते कल दिन निकलने से पहले ही एक दर्जन से भी अधिक अज्ञात शस्त्रधारी बदमाशों की तलाश में बुढ़ाना पुलिस लग गई है। आरोप है कि उक्त बदमाशों ने बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में स्थित बड़ौत रोड पर बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र में लगाए गए एक विद्युत प्लांट में घुसकर वहां पर ड्यूटी को अंजाम दे रहे दो गार्डों को बंधक बनाकर लगभग 20 लाख रुपए की कीमत का विद्युत सम्बंधी सामान लूट लिया था। बदमाश सभी सामान को एक मिनी ट्रक में भरकर ले गए थे। सूचना मिलने पर बुढ़ाना पुलिस में हड़कम्प मच गया था। पुलिस के अनुसार इस विद्युत प्लांट में जनपद मेरठ के कस्बा मोदीपुरम से शामली जनपद तक के लिए 220 केवी विद्युत लाइन बनाए जाने का कार्य काफी दिनों से चल रहा है। इस प्लांट के लिए बायवाला पुलिस चौकी के पास बड़ौत रोड पर एक जमीन विद्युत सम्बंधी सामान को रखने के लिए स्टोर के रूप में प्रयोग की जा रही है। दूसरी ओर यहां के स्टोरकीपर अजय सिंह ने बताया था कि रात में उक्त स्टोर पर गार्ड तेजपाल निवासी गांव गढ़ी सखावतपुर और अंकित निवासी गांव बिटावदा तैनात थे। गत रात करीब दो बजे एक के दर्जन से भी अधिक हथियार बंद बदमाशों ने यहां पर धावा बोल दिया था। दोनों गार्डों को बदमाशों ने स्टोर में बंधक बनाकर अपने साथ लाई मिनी गाड़ी में एक ड्रम तार, तारों के टुकड़े और एल्युमीनियम का फिटिंग का सामान भर लिया था और फरार हो गए थे। अब इस मामले का खुलासा करने के लिए बुढ़ाना पुलिस लगी हुई है और उम्मीद की जा रही है कि पुलिस इस घटना का जल्द ही खुलासा कर देगी और पुलिस ने अपना काम शुरू कर दिया है।

# परिवार को बंधक बनाकर हजारों की नकदी, जेवरात लूटे

▸ चौसाना के अलीपुर गांव में देर रात बदमाशों ने की वारदात ▸ एएसपी सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची

**शामली, 20 दिसम्बर (बु.)।** चौसाना क्षेत्र के गांव अलीपुरा में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने एक परिवार को बंधक बनाकर हजारों की नकदी, सोने चांदी के जेवरात समेत अन्य कीमती सामान लूट लिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों ने किसी प्रकार बंधनमुक्त होकर शोर मचाया, जिस पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना पर एएसपी ओपी सिंह, सीओ, झिंझाना पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा बदमाशों की तलाश में काम्बिंग की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। घटना के संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

जानकारी के अनुसार चौसाना क्षेत्र के गांव अलीपुरा में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने अपना कहर बरपाया। बदमाशों ने अलीपुरा निवासी मुबारिक पुत्र रहमत के घर पर धावा बोलकर परिजनों को बंधक बना लिया तथा हथियारों के बल पर आतंकित करते हुए घर में रखी पचास हजार रुपये की नकदी, सोने चांदी के जेवरात व अन्य कीमती सामान लूट लिया तथा फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद परिजनों ने किसी प्रकार बंधनमुक्त होकर शोर मचाया, जिस पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर एएसपी ओपी सिंह, चौसाना व झिंझाना पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा बदमाशों की तलाश में कॉम्बिंग की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया पीड़ित परिजनों ने बताया कि बदमाशों ने उनके साथ मारपीट भी जिसमें परिवार के दो लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में पीड़ित मुबारिक ने थाने पहुंचकर बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जल्द ही लूट का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।



# नुमाइश कैम्प से भी मांगना पड़ रहा है पंजाबी प्रत्याशियों को टिकट

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसम्बर, (बु.)।** पंजाबी समाज के गढ़ कहे जाने वाले नुमाइश कैम्प से भी इस बार पंजाबी समाज को टिकट के लिए एड़ी-चोटी के जोर लगाने पड़ रहे हैं। हर बार यहां पंजाबी समाज का बहुमत देखते हुए भाजपाई खुद ही पंजाबी समाज के व्यक्ति को सभासद के रूप में टिकट दे दिया करते थे, मगर इस बार भाजपा नेताओं को जगाना पड़ रहा है और यह अहसास कराना पड़ रहा है कि नुमाइश कैम्प में पंजाबी समाज ही जीत का दावेदार है। टिकट आने से पूर्व ही पंजाबी समाज को अहसास हो रहा है कि इस बार इस वार्ड में भाजपा समाज से भेदभाव करने के मूड़ में है, इसलिए अभी से बड़ी-बड़ी मीटिंगें समाज द्वारा करके पार्टी को अहसास कराने की कोशिश की जा रही है कि पार्टी पंजाबी समाज को ही टिकट दे। सोमवार की रात पंजाबी समाज द्वारा नुमाइश कैम्प के रघुनाथ मंदिर में एक बड़ी मीटिंग की गई, जिसमें सैंकड़ों की संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे और एक स्वर में आवाज उठाई कि वार्ड नम्बर 24 से पंजाबी समाज के व्यक्ति को उसके हक के आधार पर टिकट दिया जाये। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ विनोद खेड़ा, कुलभूषण बजाज, प्रवीण खेड़ा, रवि शेखर द्वारा मीटिंग का संचालन किया गया। इस मौके पर मीटिंग में सतीश कुकरेजा, विनोद किंगर, कपिल, पवन बाटला, राजेश मलौत्रा, विवेक टंडन, प्रदीप बजाज, अश्वनी रहेजा, विजय, सुधीर, सुनित कुकरेजा, विजय बाटा, बॉबी, ज्ञानप्रकाश, राजेश, सरदार हरदीर सिंह, राजीव धवन, प्रवीण डॉक्टर, संदीप कालड़ा, प्रकाश चंद सेठी, विजय बाटा, अश्वनी रहेजा, यशपाल रहेजा, सुधीर भगत, आकाश अरोरा, राजकुमार गिरधर, गोपाल भगत, विक्की अरोरा आदि मौजूद रहे।



# बेशर्म रंग के खिलाफ शिवचौक पर प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर (बु.)।** अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने थाना नगर कोतवाली क्षेत्र के शिव चौक पर फिल्म पठान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विवादों में आई पठान फिल्म का गाना बेशर्म रंग रिलीज होने के बाद देशभर में इसके विरोध के बीच जनपद में भी हिंदूवादी संगठन अखिल भारत हिंदू महासभा के लोगों में फिल्म पठान के प्रति काफी रोष देखने को मिला। अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने हाथ में दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान का पोस्टर लेकर जमकर प्रदर्शन किया और उसके बाद अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को टारगेट बनाते हुए उसके पोस्टर पर जमकर जूते बरसाए गए और जैसे ही हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं द्वारा फिल्म पठान के पोस्टर पर पेट्रोल डालकर उसमें आग लगाने का प्रयास किया तो मौके पर मौजूद थाना नगर कोतवाली के पुलिसकर्मी उस पोस्टर को हिंदू महासभा कार्यकर्ताओं के हाथ से छीन ले गए। इस दौरान लोकेश सैनी ने कहा कि जिस तरह से पठान फिल्म में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को भगवा वस्त्र पहनाकर हिंदू संस्कृति का अपमान करने का प्रयास किया गया है, हिंदू महासभा उसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड में आज ऐसी फिल्में बन रही हैं, जिसमें हिंदू संस्कृति को टारगेट किया जाता है और बदनाम करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने दीपिका पादुकोण पर भी जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि पैसे की खातिर कुछ हिंदू कलाकार कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं जो वह कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।



## दहेज के लिये विवाहिता की हत्या का प्रयास, पति ने दिया तीन तलाक

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर (बु.)।** दहेज लोभी ससुराल वालों ने एक विवाहिता की हत्या का प्रयास किया। हमले में विवाहिता गंभीर रूप से घायल हो गई। पति पर विवाहिता को तीन तलाक देने का भी आरोप है। पुलिस ने पति सहित 6 लोगों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। छपार थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांव भैंसरहेड़ी निवासी शबाना ने बताया कि उसकी शादी 18 माह पूर्व सहारनपुर जनपद के देवबन्द थाना क्षेत्र के गांव नफेपुर निवासी हाकमअली के साथ हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति व अन्य ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न करने लगे। मायके वालों ने दो बार उसके ससुराल वालों को नकदी भी दी, लेकिन उनकी दहेज की भूंख शांत नहीं हुई आरोप है कि 16 दिसम्बर को ससुराल वालों ने उसकी हत्या का प्रयास किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोप है कि पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म, दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मीरापुर, 20 दिसम्बर (बु.)।** क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक व उसके दोस्त ने किशोरी को बहला फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया, बाद में किशोरी को बदहवास हालत में एक कॉलेज के समीप छोड़ गए। पीड़िता के चाचा ने आरोपी युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

मीरापुर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराया है कि उसके पड़ौसी दो युवक अक्षय पुत्र अरविन्द व उसके दोस्त निखिल पुत्र कमरपाल का उनके घर आना जाना था। तीन दिन पूर्व 18 दिसम्बर को अक्षय और उसका दोस्त निखिल उसकी भतीजी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गये थे। तथा खतौली में एक स्थान पर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बाद में किशोरी कैथोड़ा के स्वामी कल्याणदेव डिग्री कालेज के निकट बदहवास हालत में मिली थी। होश में आने पर किशोरी ने परिजनों को घटना की जानकारी दी कि आरोपी दोनों युवक उसे बाइक पर बैठकर खतौली ले गये थे तथा एक कमरे में उसके साथ दुष्कर्म किया तथा किसी को भी कुछ बताने पर उसे हत्या की धमकी दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिये भेज दिया। मीरापुर इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध पोक्सो समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है तथा आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# मिल में खराबी से शहर में लगी गन्नों के वाहनों की लाइन

▸ शहर में लगा रहा जाम, लोगों को झेलनी पड़ी परेशानी ▸ पेराई सीजन के दौरान कई बार ठप्प हो चुका है शुगर मिल

**शामली, 20 दिसम्बर (बु.)।** मंगलवार की दोपहर शहर के अपर दोआब शुगर मिल में आई तकनीकी खराबी के चलते पेराई कार्य ठप्प हो गया। पेराई ठप्प होने से मिल गेट से लेकर अग्रसेन पार्क, वीवी इंटर कालेज रोड व सुभाष चौक तक गन्नों के वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लगी रही, जिसके चलते शहर की यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई। जाम से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार जब से अपर दोआब शुगर मिल का पेराई सत्र प्रारंभ हुई, तब से लेकर आज तक मिल में कई बार तकनीकी खराबी आने से जहां किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं गन्नों के वाहनों की लाइन लग जाने से आम नागरिकों को भी जाम से जूझना पड़ रहा है। सोमवार की रात भी अपर दोआब शुगर मिल में तकनीकी खराबी आ गयी, हालांकि इससे पूर्व ही मिल द्वारा सारा गन्ना मिल में ले लिया गया था लेकिन मंगलवार को भी मिल की खराबी दूर नहीं हो पायी, जिसके चलते मिल में आने वाले गन्नों के ट्रैक्टर ट्रॉलियों व बोगी की लाइन लगनी शुरू हो गयी। मिल गेट से लेकर अग्रसेन पार्क, हनुमान रोड, वीवी इंटर कॉलेज रोड के साथ-साथ अस्पताल रोड, कोतवाली गेट, सिटी बिजलीघर, सुभाष चैंक तक गन्नों के वाहनों की लाइन लग गयी जिसके चलते शहर की यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो गयी। जाम से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना था कि आए दिन शुगर मिल में तकनीकी खराबी का खामियाजा आम लोगों को जाम के रूप में भुगतना पडता है। समाचार लिखे जाने तक तकनीकी खराबी दूर नहीं हो पायी थी और शहर में गन्नों के वाहनों की लाइन लगी हुई थी।



## सैन्य बलों के अभियान में मारे गए 33 आतंकवादी

**इस्लामाबाद, 20 दिसंबर (वार्ता)।** पाकिस्तानी सेना के विशेष बलों ने अशांत खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में एक काउंटर-टेररिज्म डिपार्टमेंट केंद्र में लोगों को बंधक बनाए सभी 33 आतंकवादियों को मार गिराया है। इससे पहले तालिबान आतंकवादियों ने बंधक बनाए लोगों को छोड़ने से इनकार कर दिया था। सरकार और आतंकियों के बीच वार्ता विफल होने के बाद विशेष बलों ने दो दिन से चल रहे गतिरोध को खत्म करने के लिए अभियान चलाया। रक्षा मंत्री आसिफ ने नेशनल असेंबली में बोलते हुए कहा कि सैन्य परिसर में 33 आतंकवादियों को बंद किया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान दो कमांडो मारे गए जबकि एक दर्जन से अधिक घायल हुए हैं। आसिफ ने यह भी कहा कि सभी बंधकों को रिहा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि दोपहर ढाई बजे तक पूरे सीटीडी परिसर को खाली करा लिया गया। इससे पहले अधिकारियों ने बताया कि 15 मिनट तक चले अभियान में सभी आतंकवादी मारे गए।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले गूर्जर नेता



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रतीक चिह्न भेंट करते अभिषेक चौधरी व अन्य

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसंबर (बु.)।** स्थानीय निकाय चुनावों के पहले वेस्ट यूपी के कई गूर्जर नेताओं ने ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि समाज को निकाय चुनावों में पूरा सम्मान दिया जाएगा। ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर के साथ मुख्यमंत्री से मिलने वालों में हाल में रालोद छोड़ भाजपा में शामिल हुए अभिषेक चौधरी गुर्जर, यशवीर सिंह, भोपाल सिंह गुर्जर, नेहा सिरोही, संजय जाटव शामिल हैं। इस प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के अलावा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से भी मुलाकात की। इन नेताओं ने वेस्ट यूपी के राजनीतिक हालात पर उनके साथ चर्चा की। अभिषेक चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि समाज को निकाय चुनावों में पूरा सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने पार्टी नेताओं से चुनाव की तैयारी में जुट जाने को कहा।

# मामोर में खनन ठेकेदारों ने खुल्लम खुल्ला उड़ा दी एनजीटी की धज्जियां

**कैराना, 20 दिसम्बर, (बु.)।** कैराना में सरकार ने यमुना नदी में अलग-अलग स्थानों पर पांच पांच वर्ष हेतु पट्टो को आवंटित कर रखा है, लेकिन इतना ही नही सरकार ने एनजीटी के सारे नियम कायदे भी बता रखे हैं, लेकिन फिर भी खनन ठेकेदार सारी हदें पार कर नियमो की धज्जियां उड़ा रहे है। यही हाल कैराना में मामोर खनन का है, यहां ठेकेदार भरी भरकम मशीनों से खनन करने में जुटे हैं। इतना ही नहीं ओवरलोड वाहनों से बांध को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। इनपर ना तो पुलिस का खौफ, ना ही विभाग के अधिकारियों का। सरकार के आदेश इन ठेकेदारों ने ताक पर रख दिए हैं, लेकिन ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, शिकायत पर शामली प्रशासन और कैराना प्रशासन कार्रवाई को प्वाइंट पर गये, लेकिन चमक और रेत की धनक के आगे मामले को गोलमोल कर इतिश्री कर देते हैं। अगर प्रशासन इन खनन ठेकेदारों पर ईमानदारी से कार्रवाई कर दें, तो शासन को करोड़ों रुपए का चूना नहीं लग पाएगा और ना ही नियम कायदों को हवा में उड़ता जायेगा। इतना ही नही ठेकेदार यमुना नदी की जलधारा के साथ भी छेड़छाड़ कर रहे हैं और भरी भरकम पोकलैंड मशीनों से यमुना का सीना चीर रहे हैं, जिससे करोड़ों रुपए का अवैध रूप से खनन कर रेत बेच रहे हैं, जिससे सरकार को चुना लगाया जा रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है की प्रशासन को इन पर अब सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है, लेकिन स्थानीय प्रशासन कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रहा है, जिससे ठेकेदार मनमानी कर रहा है। इतना ही नही यमुना नदी के तट बंद को लगातार खनन ठेकेदार कमजोर कर रहे हैं और आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा भी लगातार मंडरा रहा है। अगर प्रशासन सही कार्यवाही कर दें, तो इन ठेकेदारों से यमुना नदी का सीना भी बचाया जा सकता है। जबकि पूर्व में ग्रामीणों की शिकायत पर इसी प्वाइंट पर कमिश्नर सहारनपुर ने छापा मारा था, जिसकी जांच में सारा कुछ खुलकर सामने आ गया था। बाद में स्थानीय एसडीएम और कोतवाली प्रभारी पर गाज गिरी थी। और शासन को खनन अधिकारी के विरुद्ध पत्र भेजा था। उसके बाद भी खनन ठेकेदार नही सुधरे हैं। अब भी अगर दिल्ली एनसीआर से एनजीटी की टीम आकर अचानक छापा मारकर जांच करे तो सारी सच्चाई खुलकर सामने आ जायेगी।

## चीन पर मंडरा रहा है लाखों मौतों का खतरा!

**बीजिंग, 20 दिसंबर (वार्ता)।** चीन में अचानक जीरो-कोविड नीति बदल दिए जाने के कारण अब लगभग दस लाख लोगों की मौत हो सकती है। यह बात एक नए अध्ययन से सामने आई है। फिलहाल देश के शहरी और ग्रामीण इलाकों में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यूनिवर्सिटी ऑफ हांगकांग के तीन प्रोफेसरों ने एक अध्ययन रिपोर्ट जारी की है। इसमें कहा गया है कि मौजूदा हालात में देश में हर दस लाख आबादी पर 684 मौतें हो सकती हैं। चीन की आबादी एक अरब 40 करोड़ है। उस हिसाब से देश में 9,64,400 अतिरिक्त मौतों का अंदेशा है। चीन में कोरोना के कोहराम के बीच देश में केंद्र सरकार ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया बुधवार को महामारी की स्थिति की समीक्षा करने वाले हैं। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा गया है कि जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका, कोरिया, ब्राजील और चीन में मामलों में अचानक तेजी को देखते हुए देश में आए जाने वाले पॉजिटिव केसों के सैंपल्स की की जीनोम सिक्वेंसिंग कराना जरूरी है।

# जैन समाज के तीर्थ के बाहर कूड़ाघर निर्माण का विरोध

**मुजफ्फरनगर, 20 दिसम्बर (बु.)।** प्रसिद्ध तीर्थ श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र ग्राम वहलना के निकट गलत तरीके से निर्माण हो रहे कूड़ाघर को रूकवाने की मांग करते हुए मंदिर समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जैन समाज के लोगों ने शासन-प्रशासन से श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र ग्राम वहलना में हो रहे निर्माण कार्य को रोके जाने के साथ ही तीर्थ स्थल की पवित्रता को आगे भी बरकरार रखे जाने की मांग की। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र ग्राम वहलना समिति के महामंत्री संजय कुमार जैन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम लिखे उक्त शिकायती पत्र में गलत तरीके से क्षेत्र में हो रहे कूड़ाघर निर्माण कार्य को रोके जाने के साथ ही यह भी अवगत कराया कि श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र ग्राम वहलना का प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र, जो सदर तहसील मुजफ्फरनगर में स्थित है, वहां भारत देश का प्रसिद्ध जैन तीर्थ क्षेत्र है, जो कि जैन धर्म के अनुयायियों का एक पवित्र स्थान है। उनका कहना है कि उक्त क्षेत्र पर जैन धर्म के 23 वें तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ की प्राचीन अतिशयकारी मन वांछित फलदायक नौ फणयुक्त प्रतिमा व बाहर प्रागंण में अखंड पाषाण से निर्मित 31 फीट उत्तुंग प्रतिमा विराजमान है, वहीं प्रतिमा के नीचे 92764 फीट के पीलर रहित ध्यान केन्द्र में तीर्थकर भगवन्तों की त्रिकाल चौबीसी की स्थापना की गई है साथ-साथ 57 फीट उत्तुंग गगनचुम्बी मानस्तम्भ अनूठी पाण्डुकशिला, मुनियों की समाधियां, प्राचीन गर्भगृह, अश्वबन, 30 बैड से बने प्राकृतिक चिकित्सालय, नौका विहार, केवलीवन के अतिरिक्त हरी-भरी फुलवारी, फव्वारें, शुद्ध साफ वातावरण, प्राकृतिक सौन्दर्य, जिसका दर्शन करने का सौभाग्य सभी को प्राप्त होता है और व्यक्ति अपने मन में शान्ति की अनुभूति करते इस क्षेत्र पर प्रतिवर्ष बहुत बडी संख्या में देश-विदेश से जैन ही नहीं अपितु जैनेत्तर समाज के श्रद्धालु पधारते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ग्राम वहलना प्रधान द्वारा क्षेत्र के मुख्य रास्ते पर ही निकटतम एक कूड़ाघर निर्माण करवाया जा रहा है, जिससे देश-विदेश से क्षेत्र पर पधारने वाले दर्शनार्थियों को असुविधा व कठिनाई का सामना करना पड़ेगा तथा उनकी धार्मिक भावनायें आहत होगी। मुख्यमंत्री के नाम पत्र में श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदाधिकारियों ने पक्ष रखा कि मार्ग पर कूड़ाघर से निर्माण से जैन धर्म की भावना आहत होंगी एवं क्षेत्र की गरिमा को भी ठेस पहुंचेगी।